

पेज -3 पर

प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का हुआ भव्य स्वागत...

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 310

डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 17 सितंबर 2022

लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है मां भगवती की दरबार ....

पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**शारदीय नवरात्र 2022 ( 26 सितंबर से 05 अक्टूटर 2022 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



601/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, विश्व कम्प्यूटर 07766-299002, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, शिवम मोबाईल बस स्टैण्ड, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर कोडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


**एक नजर**

## रामविचार नेताम ने कहा-भाजपा ने दिलाया अधिकार



**12 जातियों को अजजा में शामिल होने पर, कांग्रेस-भाजपा में श्रेय लेने की होड़**

**सरगुजा।** पूर्व राज्यसभा सांसद और बीजेपी नेता रामविचार नेताम ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री के पत्र लिखने से ही 12 जातियों को अजजा (अनुसूचित जाति-जनजाति) वर्ग में शामिल किया गया है, तो फिर उन्हें ये काम पहले ही कर लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कई सालों तक उनकी पार्टी के ही प्रधानमंत्री सत्ता में रहे, तब उन्होंने ये काम क्यों नहीं करवा लिया था। अंबिकापुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रामविचार नेताम ने सीएम बघेल के बयान पर पलटवार किया। छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि भाजपा ने तो अजजा वर्ग की महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बिठाकर राष्ट्रपति बनाया और उनका मान बढ़ाया।

# पांच धड़ों में बिखरी भाजपा कैसे लालजीत के हैट्रिक किले के चक्रव्यू को तोड़ने का देख रही सपना

## धरमजयगढ़ विधानसभा क्या इस बार कांग्रेस की होगी हैट्रिक?

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

आगामी छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लगभग डेढ़ वर्ष बाद होने हैं जिसमें की कांग्रेस पार्टी की एक तरफा विधानसभा सीटों में आने से छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी मजबूत दिखाई पढ़ रही है वहीं छत्तीसगढ़ में भाजपा में फेरबदल उठापटक असंतुलन की स्थिति पनप रही है।




### धरमजयगढ़, घरघोड़ा भाजपा कांग्रेस के हैट्रिक रिकॉर्ड से होंगे चारों खाने चित

अगर धरमजयगढ़ विधानसभा की बात करें तो क्षेत्र के अजय योद्धा स्वर्गीय चनेशराम राठिया जो कि 6 बार धरमजयगढ़ विधानसभा का नेतृत्व कर चुके और उसके बाद चुनाव भाजपा के स्वर्गीय ओमप्रकाश राठिया से चुनाव हार गए बड़े ही दु:ख की बात है कि यह दोनों नेता जो कि कार्यकर्ताओं के पसंदीदा नेता थे यह दोनों पूर्व विधायक करोना काल ने इन्हें भी चपेट में ले लिया और भगवान को प्यारे हो गए। भाजपा को लालजीत एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा हजारों वोटों से पटखनी देने के बाद धरमजयगढ़ विधानसभा फिर से कांग्रेस की झोली में आ गई है। और दो कार्यकाल विधायक लालजीत सिंह राठिया लगभग पूरा कर रहे हैं वही देखना अब यह है कि भाजपा जो कि वर्तमान समय में कई धड़ों में बिखरी पड़ी है वह इस हैट्रिक के किले को किस तरह ध्वस्त करती है इसका अभी कोई समीकरण दिख नहीं रहा क्योंकि धरमजयगढ़ भाजपा के पास ओमप्रकाश जैसे सॉलिड नेतृत्वकर्ता की कमी है, और जिसे भी टिकट मिलती है तो यह जरूरी नहीं कि एक सूत्र की माला में बंद कर धरमजयगढ़-घरघोड़ा लालजीत के हैट्रिक किले के चक्रव्यू को तोड़ सके। क्योंकि लालजीत सिंह राठिया कांग्रेस में अकेले ही एक ऐसे दमदार विधायक एवं लोकप्रिय नेता हैं जिनके पास कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ खुद की भी कार्यकर्ताओं की फौज शामिल है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

जिससे कि विधायक लालजीत की ताकत भाजपा से जस्ट डबल हो जाती है आश्चर्य करने वाली बात यह भी है कि घर का भेदी लंका ढाए की कहावत के अनुसार भाजपा के पूर्व निष्कासित कुछ तथाकथित नेता भी लालजीत के लिए खुलकर क्षेत्र में काम करते हैं, और भाजपा के सपनों को चूर चूर करने में इन भेदियों से जरा भी चुक नहीं होती। जिससे लालजीत दो बार चुनाव जीत चुके हैं और इस बार हैट्रिक बड़ी आसानी से कर लेंगे। ऐसा जन चर्चा जोरों पर है देखना अब यह है कि कई धड़ों में बिखरी भाजपा पार्टी एक होकर लालजीत राठिया के हैट्रिक रिकॉर्ड को तोड़ती है कि चारों खाने चित होती है।

# दो ट्रकों की टक्कर में जिंदा जला ड्राइवर



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में शुक्रवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में ट्रक ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसा बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर हुआ। घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गई। आग इतनी तेज थी कि लोग चाहकर भी ट्रक ड्राइवर को जलने से नहीं बचा सके। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सरगांव थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह ने बताया कि बिलासपुर से कोयला लेकर ट्रक क्रमांक सीजी04 एनजे 8183 रायपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सरगांव के पास ही नेशनल हाईवे पर स्पंज आयरन से लदा ट्रक भी खड़ा था। लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए कोयले से भरे ट्रक के ड्राइवर ने सड़क पर खड़े ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे खड़ी गाड़ी से लोहे के रॉड निकलकर पीछे गाड़ी के चालक के शरीर के अंदर घुस गया। जिस ट्रक ने टक्कर मारी थी, उसमें कोयला भरा होने के कारण उसमें तुरंत आग लग गई। ऊपर से ड्राइवर के शरीर में लोहे की रॉड घुस जाने के कारण वो उसमें बुरी तरह फंस गया और जिंदा ही जल गया। उसे गाड़ी से बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिल सका। इधर जिस ट्रक को टक्कर मारी गई थी, उसमें ड्राइवर नहीं था। चूंकि उसके ट्रक का ब्रेक डाउन हो गया था, तो वो सड़क पर गाड़ी खड़ी करके मैकेनिक के पास गया था, इसलिए उसकी जान बाल-बाल बच गई।

महंगाई पर बीजेपी-कांग्रेस की तकरार-

# सांसद सोनी बोले-पेट्रोल-डीजल सस्ता नहीं करवा सकते तो इस्तीफा देकर घर बैठ जाएं मरकाम

**रायपुर।** महंगाई के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस दोनों आमने सामने हैं। पिछले दिनों कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पेट्रोल के दामों को लेकर केंद्र सरकार पर आरोप लगाए थे। इस पर पलटवार करने बयान की तलवार लेकर सांसद सुनील सोनी सियासी मैदान में कूद पड़े हैं। सोनी ने तो यहां तक कह दिया कि प्रदेश में पेट्रोल डीजल यदि मरकाम सस्ता नहीं करवा सकते तो इस्तीफा देकर घर में बैठ जाएं। सांसद सोनी दावा करते हुए बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल डीजल की कीमतों में



कमी करके देश की जनता को राहत दी। तमाम राज्यों ने भी अपनी जनता की चिंता की। मोदी सरकार द्वारा प्रति लीटर लगभग 15 से 17 रु से ज्यादा की राहत और राज्य सरकारों ने खुद के कर से 7 से 8 रु प्रति लीटर की राहत दी ,मगर छत्तीसगढ़ में महज 78 पैसे की छूट दी गई ये तो मजाक है।

### मरकाम की कोई सुनता नहीं क्या ?

*रायपुर के भाजपा सांसद सुनील सोनी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केंद्र सरकार को उपदेश देने की बजाय प्रदेश के जिम्मेदारों को ज्ञान दें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से मोहन मरकाम की जिम्मेदारी है कि वे प्रदेश में डीजल और पेट्रोल पर टैक्स कम करवाएं। यदि यहां उनके निर्देश नहीं माने जाते हैं तो केंद्रीय नेतृत्व को बतायें अन्यथा अपने पद से इस्तीफा देकर घर बैठ जायें।*

# 70 के बुजुर्ग ने 76 साल के भाई को मारा

### कुल्हाड़ी से किए कई वार, उधार के रुपए और जमीन का था विवाद

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक बुजुर्ग की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई है। बुजुर्ग को उसके ही ममेरे भाई ने मार दिया है। बताया जा रहा है कि उधार के पैसे को लेकर दोनों के बीच विवाद था। इसके अलावा जमीन विवाद के चलते भी आरोपी नाराज था। जिसके बाद उसने पूरी वारदात को अंजाम दिया है। मामला नांदघाट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नांदघाट के निषाद पारा में बुधारी



आरोपी रामअवतार निषाद

निषाद(76) अपने परिवार के साथ रहता था। उसी गांव में उसका ममेरा भाई रामअवतार निषाद(70) भी रहता था। पता चला है कि दोनों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था।

# लावाकेरा बेरियर में अवैध वसूली का समाचार बनाने गये पत्रकार के साथ मारपीट

### लूट ली मोबाईल,कैमरा तो अधिकारी ने पत्रकार पर लगाई अवैध वासूली का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-कुनकुरी।

जशपुर जिले के लवाकेरा ग्राम जो कि उड़ीसा और छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा रेखा पर बेरियर लगा है यह आरटीओ बेरियर है यहां से सकड़ों गाड़ियां का आना जाना लगा रहता है।




इसी रास्ते से तस्करी की घटना को अंजाम दिया जाता है कह सकते हैं कि इसी रास्ते से साधु और सैतान दोनों का आना जाना लगा रहता है। इसी बेरियर पर पत्रकार के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया जाता है। मामला है 13 सितम्बर की शाम का है लवाकेरा बेरियर में हमेशा की तरह आरटीओ विभाग के कर्मचारी और अधिकारी अपने काम में लगे हुए थे उसी समय जी न्यूज के पत्रकार संजीत यादव बेरियर का समाचार बनाने के उदेश्य से अपने काम को अंजाम दे रहा था। संजीत यादव को जानकारी मिली थी। कि इस बेरियर में अवैध वसूली का खेल खेला जाता है संजीत यादव ने अवैध वसूली को लेकर बेरियर के कर्मचारी से कुछ सवाल पूछे। बेरियर कर्मचारियों ने पत्रकार पर आरोप लगा रहे हैं कि सवाल जबाब के बीच में कुछ पैसे की मांग करने लगा।

इनकी बातों में कितनी सत्यता है ये जांच का विषय है जांच होने के बाद ही पता चलेगा कि जनाब कितना सत्य बोल रहे हैं। हमे इनकी बात सुनकर घटना की सत्यता पर अब भी संदेह है। मामला अवैध वसूली से जुड़ा था चाहे वह संजीत यादव द्वारा किया जा रहा था या फिर आरटीओ बेरियर के कर्मचारी द्वारा वसूली की बात पर ही इतनी बड़ी घटना घटी है। मामले पर दोनों पक्षों द्वारा तपकरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाने में आरटीओ अधिकारी द्वारा शिकायत में शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की बात कही गई है जातिगत गाली देने की बात कही गई है और संजीत यादव द्वारा अपने साथ मारपीट एवं मोबाईल, कैमरा का लूट लेने की बात कही गई। सच्चाई क्या है ये तो जांच के उपरांत ही पता चलेगा कि लवाकेरा बेरियर के कर्मचारी द्वारा अवैध वसूली किया जा रहा था। वहीं संसदीय सचिव यूडी मिंज ने लावाकेरा बेरियर में पत्रकार से मारपीट लूटपाट करने वालों पर जांच कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

**निर्देश...** आबकारी मंत्री लखमा ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# मदिरा के अवैध विक्रय पर हो सख्त कार्रवाई - कवासी लखमा

रायपुर। वाणिज्य कर (आबकरी) मंत्री श्री कवासी लखमा ने आज नया रायपुर स्थित आबकारी भवन में आयोजित बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की। आबकारी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि मदिरा का विक्रय निर्धारित मूल्य पर हो, यह सुनिश्चित करें।




निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। श्री लखमा ने कहा कि मदिरा के अवैध भंडारण, परिवहन और विक्रय पर भी कड़ी नजर रखी जाए। निर्देशों के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

श्री राकेश कुमार मंडावी, श्री आर एस ठाकुर, संभाग व जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आबकारी विभाग के सचिव सह आयुक्त श्री निरंजन दास ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि आबकारी नीति का कड़ाई से पालन करवाया जाए। अवैध भंडारण, परिवहन और विक्रय को रोकने के लिए सतत भ्रमण और निरीक्षण करते रहें। सभी लाइसेंसी दुकानों में मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अन्य राज्यों से होने वाले मदिरा के अवैध परिवहन को रोकने के लिए आबकारी जांच चौकियों पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश जिला आबकारी अधिकारियों को दिए। उन्होंने अन्य राज्यों से अवैध शराब लाकर बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही एवं जिला बदर की सख्त कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर से प्राप्त शिकायतों के निराकरण के भी निर्देश दिए गए। बैठक में सचिव सह प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारपोरेशन लिमिटेड श्री ए. पी. त्रिपाठी, अपर आयुक्त श्री राकेश कुमार मंडावी, श्री आर एस ठाकुर, संभाग व जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


# विकास और विश्वास के पर्याय हैं नरेंद्र मोदी

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सतत बढ़ने वाले नरेंद्र मोदी भारत हीं नहीं, बल्कि विश्व के महानायक हैं। संगठन से लेकर सरकार तक में उन्होंने जो कार्य किए हैं, उससे उन्हें 21वीं सदी का विश्वकर्मा कहा जाता है। इनका जन्म भी जिस तिथि को हुआ, उस दिन देश के अधिकांश हिस्से में निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाती है।

नरेंद्र मोदी के विशाल व्यक्तित्व के कारण ही देश की जनता की उम्मीदें इनसे बहुत ज्यादा हैं। हो भी क्यों नहीं? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक से प्रधान सेवक तक की सफर में भारतीय राजनीति और देश की दिशा बदली है ।

गुजरात के वडनगर कस्बा में एक मध्यम वर्गीय परिवार में 17 सितम्बर 1950 को जन्म लेने वाले नरेंद्र मोदी का बाल्यकाल बहुत संघर्ष पूर्ण बीता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ते हुए 1971में इसके पूर्णकालिक कार्यकर्ता बने और युवा अवस्था में इन्होंनेभारत भ्रमण और धार्मिक स्थानों का दौरा किया। हिंदी, गुजराती और अंग्रेजी भाषा के अच्छे जानकार नरेंद्र मोदी जी के हृदय में भारतीय संस्कृति की भाषा संस्कृत के प्रति भी सम्मान भाव है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से हर भारतीय भाषाओं को समुचित महत्व और स्थान दिलाने का काम किया है।

बाल्यकाल से ही परिश्रमी, परोपकारी और प्रतिभाशाली नरेंद्र मोदी ने युवावस्था में राष्ट्रवादी छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में शामिल होकर भ्रष्टाचार विरोधी नव निर्माण आन्दोलन में हिस्सा लिया। उनकी कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी में संगठन का प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। फिर इनको राजनीतिक कौशल को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भारतीय जनता पार्टी का कार्य करने के लिए भेजा। भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित होने के बाद पहली बार अहमदाबाद नगर पालिका के चुनाव में इन्होंने भाजपा का शानदार नेतृत्व किया और इसमें भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीतहासिल की। इनकी दूरगामी राजनीतिक सोच और अद्भुत संगठन की क्षमता को देखते हुए



भाजपा गुजरात प्रदेश का महामंत्री बनाया गया। 1995 में विधानसभा चुनाव में गुजरात में भाजपा ने पहली बार 121 सीटें जीतीं, जिसमें इनकी अहम भूमिका थी। भाजपा से जुड़ने के बाद कई पदों पर न सिर्फ कार्य किया, बल्कि हर पद पर अपनी ख़ास पहचान बनाई और पार्टी को ऊंचाई प्रदान की। 2001 में उन्हें गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया गया तो इस दौरान इनका कार्य इतना शानदार रहा कि ये लगातार चार बार 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी छवि एक सफल, ईमानदार और कुशल प्रशासक की बनी। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को तीन बार चुनावों में गुजरात में जीत हासिल हुई थी।

भारतीय जनता पार्टी ने 2014 का लोक सभा चुनाव इनके नेतृत्व में लड़ा तो इनके चमत्कारिक व्यक्तित्व, करिश्माई भाषण शैली और विकासोन्मुखी सोच के कारण अभूतपूर्व समर्थन मिला औरपहली बार भाजपा सम्पूर्ण बहुमत के साथ 282 सीटें जीतकर सत्तामें आई। यह एक ऐतिहासिक जीत थी। एक सांसद के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी वाराणसी एवं अपने गृह राज्य गुजरात के बड़ोदरा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा और दोनों जगहों से जीत हासिल की। मोदी जी ने 2014 से 2019 तक कई प्रकार के ऐतिहासिक निर्णय लिए। कईसारे महत्वपूर्ण फैसले लिए, जिससे जनता का इनके प्रति स्नेहऔर भी बढ़ गया और अगली बार और ज्यादा सीटों से बहुमत हासिल की। 2019 के लोकसभा चुनाव में 303 सीट हासिल कर एक शानदार जीत दर्ज की। नरेंद्र मोदी ने हमेशा लोगों के भलाई के लिए कार्य किये है। मुख्यमंत्री पद पर रहकर गुजरात के लोगों की सेवा करने अवसर प्राप्त किया तथा बाद में प्रधानमत्री रहकर पूरे देश के लिए कार्य किये, समय समय पर कई नियम कानून लेकर आये। डिजिटल इंडिया प्रोग्राम, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्रीउज्जवला योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना आदि कई सारीयोजनाओं की शुरुआत की, जिससे गरीबों की उन्?नति हो। आयुष्मान भारत योजना में गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता की गई है तो गरीब कल्याण अन्?न योजनामें गरीबों का चूल्?हा जले, इसकी व्यवस्था की गई है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को शिक्षित करने का कार्य हुआ है।इसी तरह सौभाग्य योजना, जल जीवन मिशन, मातृवंदना, सुकन्या समृद्धि योजना, किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना समेत कई योजनाओं का कार्यन्वयन करसमाज के सभी वर्गों को उन्नति के मार्ग पर ले जाते हुये उन्हें सशक्त और समृद्ध बनाया गया है। दूसरी तरफ सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट, कश्मीरसे धारा 370 और 35ए की समाप्ति एक ऐतिहासिक कार्य हुआ। इसी तरह सदियों से अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बनने का सपना हर भारतीय का था, लेकिन वह इनके कार्यकाल में ही साकार हुआ।

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में भी नरेंद्र मोदी का कद विश्व नेता का है। वैश्विकनेताओं के बीच नरेंद्र मोदी दुनिया की सबसे लोकप्रिय राजनीतिक हस्तियों में हैं। अपनी कार्यशैली, दृढ़निश्चय और क्षमता के कारण नरेंद्र मोदी का नाम न सिर्फ भारत में, बल्कि विश्व पटलपर भी गूंज रहा हैं। नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व की कई खूबियां उनको दूसरे राजनेताओं से अलग करती है।2014 में सत्ता में आने के बाद से ही मोदी सरकार ने अन्य देशों के साथ सम्बन्धों को नया आयाम देने की दिशा में कार्य करना शुरू कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अथक मेहनत से दुनिया का नजरिया भारत की ओर बदला है। मोदी जी के प्रयास से योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली और आज हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जाता है।

**- डॉ. राकेश मिश्र**

## संपादकीय

### टुकड़ों टुकड़ों में राज्यसभा में मनोनयन


राज्यसभा में मनोनीत श्रेणी की कई सीटें अब भी खाली हैं। लेकिन एक बार हर सीट के लिए सदस्यों को मनोनीत करने की बजाय केंद्र सरकार टुकड़ों टुकड़ों में नाम की सिफारिश भेज रही है और मनोनयन कर रही है। राज्यसभा में कुल 12 सदस्य मनोनीत होते हैं। अभी नौ सदस्य हैं। दसवें सदस्य के रूप में जम्मू कश्मीर के गुलाम अली खटाना का मनोनयन हुआ है, जिनकी शपथ बाकी है। उनसे पहले तीन सीटें खाली थीं तो ऐसा लग रहा था कि तीन सदस्यों का मनोनयन एक साथ हो जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। खटाना का मनोनयन अकेले हुआ है। उससे पहले चार लोगों को मनोनीत किया गया था।

पिछले दिनों केंद्र सरकार ने दक्षिण भारत के चार राज्यों से चार लोगों को उच्च सदन में मनोनीत किया। केरल से पीटी उषा, कर्नाटक से डॉ. वीरेंद्र हेगड़े, तेलंगाना से विजयेंद्र प्रसाद और तमिलनाडु से इलैयाराजा को उच्च सदन में भेजा गया। खटाना सहित पांच नए सदस्यों के अलावा जो पांच सदस्य हैं, उनमें से एक पूर्व चीफ जस्टिस रंजन गोगोई के अलावा चार भाजपा से जुड़ गए हैं। इन चार लोगों के नाम हैं- राकेश सिन्हा, सोनल मानसिंह, महेश जेठमलानी और राम शकल। अब बची हुई दो सीटों पर कई लोगों की नजर है। लंबे समय के बाद पहली बार है, जब कोई पत्रकार मनोनीत श्रेणी के सदस्यों में नहीं है। स्वपन दासगुप्ता कुछ दिन पहले ही रिटायर हुए हैं। हिंदी फिल्म उद्योग से भी कोई सदस्य मनोनीत श्रेणी में नहीं है। यह देखना दिलचस्प होगा कि बची हुई दो सीटों पर एक बार में मनोनयन होता है या दो बार में।

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया- फ्रांस के महान फ़िल्म निर्देशकों के सफर पर नजर

त्रुफ़ो 'काइए न्यू सिनेमा' (सिनेमा की डायरी) के संपादक थे। 'सिनेमा जीवन से अधिक आवश्यक है' कहने वाले त्रुफ़ो फ़िल्म समीक्षा के साथ फ़िल्मे भी बनाने लगे। परीक्षण के लिए 1954 में उन्होंने लघु फ़िल्म बनाई। 1957 में उन्होंने प्रमुख फ़िल्म डिस्ट्रिब्यूटर की बेटी मेडेलिन मोर्गेन्स्टेर्न से शादी की और इसी साल अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई तथा 28 फ़िल्में बनाई। 16 फ़िल्मों में उन्होंने अभिनय भी किया।

एल्फ़्रेड हिचकॉक के प्रशंसक फ्रांसुआ त्रुफ़ो की फ़िल्मों के कथानक जुनून, औरत, बचपन तथा विश्वास होते हैं। 'फ़ोर हंड्रेड ब्लोज', 'ले मिस्तो', 'द सॉफ़्ट स्किन', 'शूट द प्यानो प्लेयर', 'जूल्स एंड जिम', 'फ़ेरेनहीट 451', 'स्टोलेन किसेस' आदि उनकी कुछ प्रसिद्ध फ़िल्में हैं। 'फ़ोर हंड्रेड ब्लोज' के अंतिम दृश्य में कैमरे का फ़्रीज़ होना महज एक संयोग होते हुए भी सिनेमा की दुनिया का अविस्मरणीय दृश्य है, जिसका अध्ययन किया जाता है। इस फ़िल्म ने उन्हें कान फ़िल्म समारोह में सर्वोत्तम निर्देशक का पुरस्कार दिलाया। अपनी फ़िल्म 'ले मिस्तो' (नटखट बच्चे) को काट-छांट कर 26 मिनट से 17 मिनट का कर दिया, जिसमें पांच




फ्रांस में सिनेमा का प्रारंभ हुआ। अगर फ्रांस के प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशकों की बात करें तो सबसे ऊपर नाम आता है फ्रांसुआ त्रुफ़ो का। 1932 में जन्में त्रुफ़ो न केवल फ़िल्म निर्देशक थे वरन फ़िल्म लेखक, अभिनेता, समीक्षक तथा प्रोड्यूसर भी थे। प्रतिदिन 5-7 फ़िल्म देखने वाले त्रुफ़ो की मृत्यु 1984 में 21 अक्तूबर को ब्रेन ट्यूमर के कारण हुई। त्रुफ़ो का बचपन नानी के यहाँ बीता। बाद में उन्हें महान फ़िल्म समीक्षक आंद्रे बाजाँ और फ़िल्म संग्राहक हेनरी लेंगलुआ, दो संरक्षक मिले।

किशोर लड़के एक युवती का पीछा करते हैं, उसके प्रेम में बाधा डालने का प्रयास करते हैं। बाल मनोविज्ञान की यह फ़िल्म अवश्य देखनी चाहिए। 'सिटिजन केन' देख कर त्रुफ़ो ने कहा, पक्का है मैं किसी व्यक्ति को इतना प्रेम नहीं करता जितना इस फ़िल्म से करता हूँ। फ्रांसीसी निर्देशकों में ज्याँ ल्युक गोदार्द का नाम बहुत ऊँचा है, अध्ययन-अध्यापन के लिए उनका प्रयोग किया जाता है लेकिन आम दर्शकों में वे बहुत लोकप्रिय नहीं हैं। 30 दिसम्बर 1930 को एक धनी फ़्रेंको-स्विस परिवार में जन्मे गोदार्द को अपने जुनून यानि फ़िल्म बनाने केलिए कई तरह के काम करने पड़े। 'मैं टाइमपास केलिए फ़िल्म बनाता हूँ' कहने वाले गोदार्द ने हैन्स लुकास छद्म नाम से लेखन किया। गोदार्द ने 'ऑपरेशन कॉन्क्रीट', 'ऑल द ब्यॉज आर कॉल्ड पैट्रिक', 'शार्लट एंड हर ब्यॉफ़्रैंड', 'ए वूम इज ए वूमन' आदि छोटी-बड़ी मिला कर करीब 131 फ़िल्में बनाई जिनमें से कई कभी रिलीज नहीं हुई। उनकी फ़िल्म 'ब्रेथलेस' (एक छोटे-मोटे चोर की कहानी) को समीक्षकों का खूब ध्यान मिला तथा इसे कई पुरस्कार भी मिले। इसी फ़िल्म से 'जम्प-कटिंग' एवं 'इग्नोरिंग द 180 डिग्री लाइन' का प्रारंभ माना जाता है। उनका एक प्रसिद्ध वाक्य है- 'एक फ़िल्म का प्रारंभ, मध्य तथा अंत होना चाहिए, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो।'

फ्रांसीसी अभिनेता, स्क्रीनप्ले राइटर, निर्देशक ज्याँ रेनुआं से हिन्दी सिने-दर्शक भली-भाँति परिचित हैं। वही रेनुआं जिनकी फ़िल्म 'टोनी' से सत्यजित राय के अलावा कई फ़िल्म निर्देशक प्रेरित हुए।

– शंकर अय्यर

## मिला जुला

# नाबालिग के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले को बिलासपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर। सीपत क्षेत्र में युवक नाबालिग के घर घुसकर छेड़खानी करने लगा। इसी बीच नाबालिग के स्वजन जाग गए। इस पर युवक वहां से भाग निकला। दो दिन बाद नाबालिग ने घटना की शिकायत सीपत थाने में की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है।



सीपत क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग के स्वजन ने छेड़खानी की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 12 सितंबर की रात वे अपने घर में सो रहे थे। इसी बीच सरकंडा के राजकिशोरनगर में रहने वाला धरमलाल यादव(19) उनके मकान में घुस गया। उसने नाबालिग से छेड़खानी शुरू कर दी। इसी बीच नाबालिग के स्वजन जाग गए। इसे देख युवक भाग निकला। लोकलाज के भय से स्वजन दो दिन तक चुप रहे। इधर नाबालिग भी घटना से भयभीत थी। बाद में नाबालिग के साथ सीपत थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। इस पर पुलिस ने राजकिशोरनगर में दबिश देकर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।

18 सितंबर को बिलासपुर में पुलिस मेला का आयोजन

# पुलिस काम की जानकारी के साथ लोगों को जागरूक करने का प्रयास

सुबह रिवरव्यू से निकलेगी हेलमेट रैली शहर भ्रमण करते हुए पहुंचेगी पुलिस मैदान

**बिलासपुर** । बिलासपुर जिला पुलिस की ओर से 18 सितंबर को पुलिस मैदान में मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें लोगों को साइबर सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों की जानकारी, पुलिस के हथियारों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा एक सप्ताह तक यातायात जागरूकता के लिए विभिन्न् आयोजन किए जाएंगे। सीएसपी कोतवाली स्नेहिल साहू ने बताया कि सामुदायिक पुलिसिंग के लिए 18 सितंबर को पुलिस मैदान में मेले का आयोजन किया गया है। 18 सितंबर की सुबह नौ बजे रिवर व्यू से हेलमेट रैली निकाली जाएगी। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण करते हुए पुलिस मैदान पहुंचेगी। यहां पर संभागायुक्त डा. संजय अलंग मेले का शुभारंभ करेंगे। मेले में पुलिस के कार्यों की जानकारी के साथ ही हथियारों का प्रदर्शन होगा। इसके साथ ही अर्धसैनिक बल के भी अलग-अलग स्टाल रहेंगे। मेले में बच्चों के लिए मनोरंजक खेल और व्यंजन भी उपलब्ध होंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी। मेले में ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के इंश्योरेंस भी होंगे।

### यातायात जागरूकता सप्ताह में होंगे कई कार्यक्रम -

यातायात जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 19 सितंबर को पंधी स्थित पेट्रोल पंप में भारी वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। वहीं, बच्चों के लिए यातायात सामान्य ज्ञान, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता होगी। 20 सितंबर को महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए मेरे सपनों का शहर बिलासपुर कैसा हो विषय पर संगोष्ठी व बच्चों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन, चौक-चौराहों पर भारत माता स्कल के बच्चे नुक्कड़ नाटक का मंचन करेंगे। 21 सितंबर को रेलवे स्टेशन में पेट्रोल आटो चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।




बिलासपुर पुलिस

दुर्घटना के दौरान घायलों की मदद करने वालों का सम्मान किया जाएगा। 22 सितंबर को रायपुर रोड स्थित गुंबर पेट्रोल पंप में भारी वाहन के चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण व परिवहन विभाग की ओर से कोनी रोड व भोजपुरी में भारी वाहन के चालकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा। 23 सितंबर को हाईटेक बस स्टैंड में निजी बस मालिक संघ की ओर से चालक और परिचालकों समेत आटो चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। स्कूल स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 24 सितंबर की सुबह छह बजे वे रिवर व्यू में यातायात नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम होगा। इसी दिन शाम छह बजे पुलिस मैदान में जागरूकता सप्ताह का समापन होगा।

# 3 दिवसीय बस्तर प्रवास पर टीएस सिंहदेव का भव्य स्वागत, उमड़ा जनसैलाब

बाबा की झलक सबसे अलग - बस इसीलिए दिल से जुड़ता है एक आम आदमी व कार्यकर्ता किसी नेता से

जगदलपुर। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव तीन दिवसीय प्रवास पर बस्तर पहुंचे, जहां शहर के दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों के द्वारा मंत्री का भव्य स्वागत किया गया।

दरअसल गुरूवार दोपहर तकरीबन 3-30 बजे सिंहदेव एयरपोर्ट पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों का जनसैलाब उनके स्वागत के लिये बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहा था, जैसे ही मंत्री जी एयरपोर्ट से बाहर आए लोगों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत करना शुरू कर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह भी देखने योग्य था। स्वागत् की इस पूरी कड़ी में बाबा की एक अदा थी जो लोगों के दिलों को छू गई, जहां एक ओर बस्तर के नेता व कार्यकर्ता मंत्री जी को मालाएं पहना रहे थे, वहीं दूसरी ओर



बाबा की वो अदा जिसमें वो खुद उन मालाओं को वापस कार्यकर्ताओं को पहनाते नज़र आए। हालांकि देखने वालों के लिये ये एक बहुत छोटी सी बात हो सकती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के सत्तासीन होने के बाद तवज्जो न मिलने से नाराज़ कार्यकताओं को इतना सा सम्मान ही काफी होता है, वापस उत्साहपूर्वक पार्टी के लिये उठ खड़ा होने के लिए। बाबा के स्वागत की वायरल वीडियो से एक बात तो स्पष्ट हो जाती है कि वो अन्य नेताओं की तरह दिखावटी सम्मान के भूखे तो नहीं हैं। सत्ता के गलियारों में चल रहे लाख विवादों के बावजूद टीएस सिंहदेव के स्वागत में इतनी तादात में जनसैलाब का उमड़ना, कहीं न कहीं बाबा का कार्यकर्ताओं में मजबूत पकड़ दर्शाता है। .



# कलेक्टर ने किया छिन्दगढ़ विकासखण्ड के शालाओं का निरीक्षण

**सुकमा** । कलेक्टर हरिस. एस ने विकासखंड छिन्दगढ़ अंतर्गत संचालित शालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम छिन्दगढ़ प्रीति दुर्गम, जिला शिक्षा अधिकारी नितिन डडसेना एवं अन्य अधिकारी गण भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने प्राथमिक शाला पाकेला, माध्यमिक शाला पाकेला, माध्यमिक शाला टिपनपाल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल तोंगपाल के निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से शालाओं में बुनियादी भाषाई एवं गणितीय कौशल पर विशेष कार्य और कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए कौशल विकास पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्वत्ररु कक्षाओं का बेहतर संचालन कर बच्चों में गणितीय एवं पठन कौशल दक्षता का विकास करने पर जोर दिया। उन्होंने आगामी शिक्षा सत्र के लिए प्रस्तावित नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोंगपाल में भवन निर्माण का निरीक्षण भी किया।

# सांसद चुन्नीलाल ने तीन साल पहले संसद में उठाया था मुद्दा

## मांग पूरी की मोदी सरकार ने मिला आदिवासियों को लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के कुछ जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल किए जाने संबंधी निर्णय अभी सुर्खियों में है। वस्तुत: जातियों को जनजाति सूची में शामिल नहीं किया गया है, वरन मात्रात्मक त्रुटि से हो रही परेशानी को ठीक किया गया है। करीब 15 वर्षों तक लम्बी लड़ाई लड़ रहे आदिवासियों के मुद्दे को महासमुन्द सांसद चुन्नीलाल साहू ने जुलाई-2019 में संसद में प्रमुखता से उठाया था। तीन साल तक कागजी कार्यवाही के बाद अब जाकर इसका लाभ आदिवासियों को मिलने जा रहा है। इससे आदिवासी समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह मामला करीब 15 वर्ष से अधिक पुराना है। यह संघर्ष तब शुरू हुआ था। जब आरक्षित जातियों के लिए जाति सत्यापन प्रमाण पत्र लेने की अनिवार्यता की गई थी। फ र्जी जाति प्रमाण पत्र से लोग एसटी आरक्षित सीटों पर नौकरी हासिल कर रहे थे। तब एनपी नौरोजी ने पीड़ितों की आवाज उठाई। बाद में यह बड़ा आंदोलन का रूप ले लिया। वर्ष 2017 में सराईपाली के पास जंगी प्रदर्शन हुआ तो सरकार गम्भीर हुई। वास्तव में किसी भी नई जाति को अनुसूचित जनजाति वर्ग की सूची में अभी शामिल नहीं किया गया है। वरन उच्चारण दोष तथा राजस्व अधिकारियों की अनुदारता के कारण जाति प्रमाण पत्र से वंचित हुए आरक्षित वर्ग लोगों को इस सूची के माध्यम से लाभान्वित किया गया है। महासमुंद जिला में सबर आदिवासी जाति बड़ी संख्या में हैं। जिनमें से अधिकांश लरिया या उड़ियाभाषी हैं। सबर जाति को स्थानीय लोग सांवरा सौंरा, संवरा भी बोलते हैं। इस जाति के लोग जब जाति प्रमाण के लिए राजस्व




विभाग में आवेदन प्रस्तुत किए थे और स्थानीय बोली में अपनी जाति बताएं थे। तब सक्षम अधिकारियों ने इस आधार पर प्रमाण पत्र रोक दिया था कि केंद्र, राज्य सरकार की सूची के उच्चारण से उनकी जाति का मेल नहीं हो रहा है। छत्तीसगढ़ सांवरा समाज के तत्कालीन प्रमुख सेवानिवृत आयकर अधिकारी नारायण प्रसाद नैरोजी इस प्रकरण को शासन-प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष रखे। लेकिन अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए और बड़ी संख्या में लोग भटक रहे थे। तब स्थानीय जनप्रतिनिधि खल्लारी के तत्कालीन विधायक चुन्नीलाल, के माध्यम से तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के समक्ष मांग रखी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर फ इलें चलने लगी और समिति भी गठित हुआ। समिति ने उच्चारण दोष के कारण हुए त्रुटि को न सुधारकर नए जातियों को जोड़ने का सुझाव दे दिया। इस तरह यह मामला और भी पेचीदा हो गया। क्योंकि, यह अधिकार केवल केंद्र सरकार को है। इस समस्या का निदान नहीं होने पर सांवरा समाज और आदिवासी संगठन के हजारों लोग 2017 में बसना, सरायपाली के राष्ट्रीय राजमार्ग में चक्काजाम कर जंगी प्रदर्शन कर दिए। इस प्रदर्शन के बाद सरकार ने आदेश जारी कर इन जातियों को जाति प्रमाण पत्र देने का आदेश किया। इस पर किसी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर इस आदेश को ही स्थगित करा दिया। इस प्रकार मामला उलझ गया। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में चुन्नीलाल साहू, महासमुंद लोकसभा से सांसद निर्वाचित हुए। तब सांवरा समाज के प्रमुखों ने उनके माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया। महासमुंद सांसद ने अपने कार्यकाल के प्रथम सत्र में 24 जून 2019 को ही लोकसभा में इस मुद्दे को दमखम से उठाया था। तब तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने समुचित कार्यवाही का आश्वासन सदन को दिया था। जो वर्षों की मशक्कत के बाद करीब तीन साल बाद अब पूरा हो पाया है। इस बीच सामाजिक जनप्रतिनिधियों की मांग पर राज्यपाल अनुसुईया उईके, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी केंद्र सरकार से पत्र व्यवहार करते रहे हैं। अहम सवाल यह है कि मात्रात्मक त्रुटि की वजह से जाति प्रमाण पत्र से वंचित लोगों को हुए नुकसान की भरपाई कैसे होगीघ् आयु सीमा पार कर चुके पात्र शिक्षित बेरोजगारों को क्या कुछ राहत दी जाएगी।

# एक नजर

## लाफिन खुर्द में प्रवेश द्वार का निमार्ण कार्य अधर में लटका

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जनपद क्षेत्र के ग्राम लाफि न खुर्द में प्रवेश द्वार निर्माण का कार्य अधर में अटक कर रह गया है। बताया गया है किए उक्त प्रवेश द्वार के लिए, लगभग ढाई लाख रुपए की स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया थाए लेकिन बीच में ही कार्य बंद कर दिया गया। आप 6 माह से भी अधिक का समय व्यतीत हो चुका है। लोहे की छड़ ओपन बारिश का पानी पड़ने से जंग लगना स्वाभाविक हैए और जंग लगे छड़ की मजबूती पर पूरा भरोसा नहीं किया जा सकता। प्रवेश द्वार निर्माण का कार्य बीच में ही छोड़ दिए जाने की वजह जानने के लिए सरपंच से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन सरपंच के काम बंद हड़ताल में होने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## भागवत कथा श्रवण करने पहुंची 2 महिलाओं के गले से स्वर्ण हार चोर ले उड़े

### पुलिस में दर्ज हुई शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

भागवत कथा सुनने गईं दो महिलाओं के गले से सोने की माला चोरी की घटना सामने आई है।



दोनों महिलाओं की अलग-अलग रिपोर्ट पर पिथौरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लहरौद की निवासी आशा श्रीवास पति साहिबलाल श्रीवास ने घटना के संबंध में एफआईआर कराते हुए बताया कि 15 सितंबर को ग्राम कौहाकुड़ा में भागवत कथा सुनने गई थी। इस दौरान मैने सोने का मंगलसूत्र पहना हुआ था। भागवत कथा के समापन पर शाम करीब 6.30 बजे प्रसाद वितरण के समय अज्ञात चोर गले से सोने का मंगल सूत्र कीमत लगभग 55000 रूपये चोरी कर ले गया है। इसी तरह दूसरे मामले में मामा भांचा निवासी हुलसीबाई पटेल पति खेम प्रसाद पटेल ने घटना की रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि मैं 15 सितंबर को ग्राम कौहाकुड़ा में मेरी छोटी बहन पार्वती पटेल ग्राम कौहाकुड़ा के यहां भागवत कथा सुनने आई थी और मैने सोने की माला आमाकली, पहना हुआ था। कथा समापन के दौरान प्रसाद वितरण के समय मेरे गले की सोने की माला कीमत लगभग 95000 रूपये कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पिथौरा पुलिस ने दोनों ही मामलों में महिलाओं की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## बदल दिए थानेदार,हम हैं महासमुन्द में सरकार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जो भी कानून व्यवस्था बनाने की कोशिश करेगा, वह हमारे शहर में नहीं रहेगा। क्योंकि हम हैं महासमुन्द के सरकार, यहां दुम हिलाने वाले को ही कुर्सी पर बैठने का है अधिकार। कुछ ऐसा ही चल रहा है महासमुन्द में। एक ओर मुख्यमंत्री की अनुशंसा से स्थानांतरित प्रशासनिक अधिकारी को अनुविभाग की मलाईदार कुर्सी पर नियम विरूद्ध जमे रहने का खुला संरक्षण है। वहीं, पीड़ितों को न्याय दिलाने महज धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने वाले थानेदार को तत्काल कथित राजनीतिक हस्तक्षेप से, बदल दिया गया। यह हम नहीं, महासमुन्द की जनता कह रही है। ये पब्लिक है सब जानती है। जिले में पदस्थ युवा कप्तान शिक्षकीय जीवन शैली से इस अहम मुकाम को हासिल किए हैं। उनमें गजब का जज्बा है। सकारात्मक सोच के साथ जनता पुलिसिंगउनकी पॉलिसी है। सूत्र बताते हैं कि उन्हें भी यहां की गंदी राजनीति रास नहीं आ रही है। माफिया गैंग शराब, गुटखा, रेत माफि या, को खुलेआम संरक्षण और जनता के साथ जुल्म। उन्हें क्या, किसी को भी अच्छा नहीं लगेगा।



## 7 पुलिस अधिकारी इधर-उधर, सिटी कोतवाली कुमारी चंद्राकर के हवाले

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

एसपी भोजराम पटेल ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों और दो एएसआई का स्थानातंरण किया है। जारी आदेश के तहत कोतवाली थाना प्रभारी सिद्धेश्वर प्रताप सिंह को सरायपाली थाने की कमान सौंपी है। बसना थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर को महासमुंद, सरायपाली थाना प्रभारी आशीष वासनिक को सांकरा थाना, सांकरा थाना प्रभारी इंद्रभूषण सिंह को यातायात शाखा का प्रभारी बनाया गया है। कोमाखान थाना प्रभारी रामावतार पटेल को अपराध शाखा का प्रभारी बनाया गया है। उनके स्थान पर सिरपुर चौकी प्रभारी एसआई हर्ष कुमार धुंरधर को नियुक्त किया है। सरायपाली में पदस्थ एसआई विनोद नेताम को बसना थाना प्रभारी बनाया गया है। कोतवाली में पदस्थ एसआई योगेश सोनी को भंवरपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। वहीं भंवरपुर में पदस्थ एसआई नसीमुद्दीन खान को तुमगांव थाने की कमान सौंपी गई है। तुमगांव थाना प्रभारी विनोद शर्मा को फिर से कोतवाली में पदस्थ किया गया है। बसना थाने में पदस्थ एसआई विजयवार को सरायपाली थाने में पदस्थ किया गया है। बसना में पदस्थ एएसआई विजय कुमार मिश्रा को सिरपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। एएसआई रणजीत छत्रे को रक्षित केन्द्र से बसना थाना में पदस्थ किया गया है।

# जर्जर अछोला भोरिंग मार्ग का सुधार कार्य शुरू

## किसान नेता तुषार ने शासन-प्रशासन को सौंपा था ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अछोली से भोरिंग पहुंच मार्ग मुख्य सड़कों पर जगह.जगह गड्ढे होने के कारण किसान नेता अशवन्त तुषार साहू पीडब्ल्यूडी के विभागीय अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर से मिलकर पत्रचार कर मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया था। इस मुद्दे को सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया अखबार वाले खबर को छापा गया तब जाकर आनन-फानन रिपेयरिंग कार्य शुरू कराया जिससे ग्रामीण जन जगदीश सिंह ठाकुर, नोहर साहू सीताराम साहू,होमेंद्र साहू, डिगेश्वर साहू, रिंकू साहू गोपी,ठाकुर,धनंजय ठाकुर, योगेश्वर साहू,लोकेश साहू, ने फोन कॉल के मध्यम से किसान नेता अशवन्त तुषार साहू बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया व उज्वल भविष्य का कामना किया।



## सेवा केंद्र से 14 साल के बालक का अपहरण

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिहाझर स्थित कृष्णा अग्रवाल सेवा केंद्र से एक 14 साल के बालक का अपहरण हो जाने की सूचना पर बागबाहरा पुलिस द्वारा भारतीय दंड विधान की धारा 363 अपराध कायम कर पतासाजी में लिया गया है। घटना 13 सितंबर को 12:30 बजे की बताई गई है। कृष्णा अग्रवाल सेवा केंद्र की ओर से पुनेंद्र चंद्राकर पिता अशोक चंद्राकर द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के अनुसार दीपक मिरी उर्फ गणेशु उम्र 14 साल को अज्ञात आरोपी द्वारा अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया है। पहले उसकी तलाश की गई मगर कोई जानकारी नहीं मिली। पश्चात कल 14 सितंबर को क्रिसमिस की रिपोर्ट की गई है।

# तंबाकू के दुष्प्रभावों पर हुई चर्चा, छात्राओं ने जाना नशा मुक्ति केंद्र के बारे

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा छात्राओं को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जेआर दानी कन्या शाला और शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रायपुर में खुली चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव पर चर्चा की गयी एवं तंबाकू सेवन को रोकने और परिवार में तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्ति को तंबाकू के दुष्परिणाम से अवगत कराने के बारे में जानकारी दी गयी। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला सलाहकार डॉ. सृष्टि यदु ने बतायारू छात्राओं के बीच तंबाकू से होने वाले नुकसान पर खुली



चर्चा में तंबाकू सेवन से कैंसर होने के खतरे के बारे में जानकारी दी गयी। फेफड़ों की बीमारियां जैसे क्रोनिक ब्रोंकाइटिस व एम्फेसेमा होने की मुख्य वजह धूम्रपान को ही माना गया है। क्रोनिक यानी लंबे समय तक धूम्रपान करने से फेफड़े एवं सांस की नली में कैंसर होने की संभावना काफी ज्यादा होती है। अगर कोई महिला तंबाकू या नशे का सेवन करती है तो उसके गर्भ में पल रहे बच्चे के विकास पर भी खतरा बना रहता है। इस मौके पर छात्राओं ने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों पर खुलकर चर्चा की इसी बीच कक्षा 12 में पढ़ने वाली छात्रा ने पूछा मेरे पिताजी तंबाकू सेवन करते हैं उन्होंने कई बार तंबाकू को छोड़ने का प्रयास किया। लेकिन वह छोड़ नहीं पाए। इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए। इस पर काउंसलर अजय बैस ने बताया जिला चिकित्सालय के अंतर्गत स्पर्श क्लीनिक स्थापित है। जहां पर नशा मुक्ति केंद्र है। नशा मुक्ति के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति को पैदा करना होता है साथ ही कुछ टेबलेट दी जाती है आदतों में बदलाव लाना होता है। नशा छोड़ना पूर्ण रूप से नशा करने वाले के ऊपर ही होता है। इसके लिए क्रमबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जाता है और उसको नशा मुक्ति की ओर लाया जाता है। इस चर्चा में तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र और तंबाकू के नशे से होने वाले नुकसानए बीमारियां इलाज के विषय में चर्चा कर जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन किया गया जिसको सफल बनाने में नेहा सोनी सोशल वर्करए कोमल चंद साहू सेकेट्रियल असिस्टेंट का सहयोग रहा।



# प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का हुआ भव्य स्वागत

## पहली बार पहुंचे जिला एमसीबी,विधानसभा चुनाव को लेकर युवाओं में भरा जोश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

छत्तीसगढ़ भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं बिलासपुर सांसद अरुण साव अपनी नियुक्ति के पश्चात प्रथम दौरे पर नव गठित एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ पहुंचे। प्रथम मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर दौरे को लेकर एमसीबी जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों में भारी उत्साह देखने को मिला। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव शुक्रवार की दोपहर मनेन्द्रगढ़ पहुंचे जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं और आतिशबाजी से भव्य स्वागत किया। सड़क मार्ग से आये अरुण साव का काफि ला रैली के माध्यम से रोड शो करते हुए शहर के गांधी चौक पहुंचा। अरुण साव के प्रथम नगर आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा सहित विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह जगह आरती उतारकर, गाजे बाजे, फ ूल मालाओं व भव्य आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान गांधी चौक पर अरुण साव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए प्रदेश की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने की बात कार्यकर्ताओं से की। इस दौरान मुख्य रूप से प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल पूर्व विधायक श्यामबिहारी जायसवाल, पूर्व विधायक दीपक पटेल, नगर निगम चिरमिरी के नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, मण्डल महामंत्री रामचरित द्विवेदी, संजय गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंकुर जैन, राहुल सिंह, महिला मोर्चा से प्रतिमा पटवा, जया कर, डॉ. रश्मि सोनकर, मीनू सिंह के साथ काफी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# निखिल ने अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों को किया बैग वितरण,विद्यालय प्रबंधन ने की प्रशंसा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

आधुनिकता के युग में लोग अपना जन्मदिन किसी होटल या रेस्टोरेंट में पार्टी देकर मनाना पसंद करते हैं लेकिन अभी भी कुछ लोग सादगी से अपना जन्मदिन मनाना चाहते हैं। ऐसे ही एक युवा है निखिल अग्रवाल जो विगत 8 वर्षों से प्राथमिक स्कूलों में बच्चों को भोजन करा कर अपना जन्मदिन मना रहे हैं। आपको बता दें कि मनेंद्रगढ़ शहर के युवा व्यवसाई निखिल अग्रवाल ने आधुनिकता से परे हटकर अपना जन्मदिन अपने मित्रों और परिवार के करीबियों के साथ मनाने के लिए एक ऐसी जगह चुनी जो आज लोग सोच भी नहीं सकते। निखिल पिछले कई वर्षों से अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के साथ मना रहे हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निखिल अपने परिजनों और मित्रों के साथ मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले बड़काबहरा प्राथमिक स्कूल पहुंचे जहां उन्होंने लगभग 200 स्कूली बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया।




इस अवसर पर उन्होंने पूरे स्कूली बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया साथ ही सभी बच्चों और विद्यालय के स्टाफ के लिए भोजन की व्यवस्था की। जब हमने इस संबंध में निखिल अग्रवाल से बात की तो उन्होंने बताया कि आज हर कोई होटल और रेस्टोरेंट में जन्मदिन मनाना पसंद करता है लेकिन ना जाने क्यों मुझे शुरू से यह सब पसंद नहीं था। मैं हमेशा से ही कुछ अलग करने की सोच रखता था। यही कारण है कि मैं अपना जन्मदिन सादगी से मनाता हूं। निखिल के करीबी मित्र रवि जायसवाल ने बताया कि निखिल में शुरू से ही सादगी से रहने की आदत है। हमने कई बार उसे कहा लेकिन वह हमेशा बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाना पसंद करता है। हमें भी बच्चों के बीच आकर अच्छा लगता है और मैं खुद निखिल इस कदम की सराहना करता हूं। इस मौके पर निखिल के मित्र राहुल सोनकर, सूरज केसरवानी, अमन, राहुल और शिक्षक जग मोहर सिंह, बिंदु शर्मा, मुकेश्वर देशमुख, साधराम साहू, दुर्गा त्रिपाठी के अलावा ग्रामीण और बच्चों के परिजन मौजूद रहे।



# कौड़िया के पंचों ने सरपंच पर लगाये भ्रष्टाचार करने का आरोप

## सरपंच ने तालाब के मुरूम एवं लकड़ी अवैध तरह से बेचा,सचिव मासिक बैठक नहीं कराते

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबजार।




जिला बलौदा बाजार भाटापारा के अंतर्गत विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत कौड़िया में पंचों द्वारा बताया गया कि सरपंच एवं सरपंच पति द्वारा लाखों के भ्रष्टाचार किया गया उनके के द्वारा चाहे निर्माण कार्य के लिए हो 15 वित्त आयोग द्वारा या फि र ग्राम पंचायत के सरकारी संपत्ति को बेचने के लिये हो इन भ्रष्टाचार में सचिव की पूरी पूरी सहभागिता है पंचों ने सचिव पर आरोप लगाया है आज 1 वर्ष गुजर गया फि र भी सचिव द्वारा एक भी बैठक आयोजित नहीं किया गया और नहीं किसी भी प्रकार की पंचायत में हो रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी दिया गया किसी भी कार्यों के करने के लिए राशि आहरण कर लिया जाता है पर हम समस्त पंचों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दिया जाता है। सरपंच सचिव कि इस प्रकार के रवैया के कारण समस्त पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया किंतु सरपंच द्वारा माननीय हाईकोर्ट न्यायालय से स्टे आर्डर लाकर कार्य कर रहा है सरपंच किस प्रकार के कार्यों को देख कर सरपंच के कार्यकाल में लगभग 3.4 सचिव बदले जा चुके है। पंचों द्वारा जब सूचना के अधिकार के माध्यम से जानकारी चाही गई तो सचिव द्वारा जानकारी नहीं देने के मकसद से आवेदन में दिनांक और माह का उल्लेख नहीं है इस वजह से आपको जानकारी नहीं दिया जा सकता है आरटीआई के आवेदन को नस्तीबध कर दिया गया। ऐसे कई कारण है जिसकी वजह से सरपंच और सचिव द्वारा हम पंचायत के पारदर्शिता को समाप्त किया जा रहा है। पंचायती राज अधिनियम को खुले तौर पर धज्जियां उड़ा रहे है न तो बैठक का आयोजन किया जा रहा है और नहीं ग्राम सभा आयोजित करते है और सबसे बड़ी गलती के रूप में जनपद में बैठे अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इन सब की मॉनिटरिंग नहीं किया जाना है दरसल सच बात तो यह है किसी भी पंचायत में कोरम पूर्ति नहीं होता है फि र भी संबंधित जनपद पंचायत कागजों में आयोजित ग्राम सभा को स्वीकार कर लिया जाता है। जो का यह भी आरोप है कि सरपंच पति द्वारा पिछले वर्ष जब बैठक होती थी तो वह भी पंचायत बैठक मे शामिल होते थे जबकि सचिव द्वारा उन्हें मना नहीं किया जाता था। जिसके कारण गांव के विकास नहीं हो पा रहा है आज गांव नाली की सफाई नहीं हो पा रही ना तो कुएं के पानी की सफाई किया जा रहा है ऐसे कई प्रकार की गांव के सामाजिक व्यवस्था को लेकर समस्या उत्पन्न इन सभी समस्याओं को कलेक्टर को जन चौपाल में शिकायत के रूप में अवगत कराया गया फिर भी उनके द्वारा अभी तक किसी प्रकार की जैसी कारवाही नहीं किया गया समस्त पंचों द्वारा कलेक्टर को जन चौपाल में जांच के लिए आवेदन दिया गया किंतु जांच बस एक चैन बनकर रह गई कलेक्टर द्वारा एसडीएम को फॉरवर्ड किया जाता है एसडीएम द्वारा सीईओ को फॉरवर्ड किया जाता है और सीईओ द्वारा जांच को जेबी वीटो समझकर रख दिया जाता है जब कोई गांव के व्यक्ति द्वारा जांच के संबंध में पूछा जाता है तो उनके द्वारा बस रटे रुटाया शब्द बस यही कहा जाता है कि हमारे पास स्टाफ की कमी है जनपद में बहुत सारे काम है इसके चलते समय नहीं मिल पाता समय मिलते ही जांच कर दिया जाएगा।

*क्या इन शब्दों से ग्राम पंचायतों की समस्या खत्म हो जाती है क्या यह जांच विलंब किया जाना खानापूर्ति नहीं है। क्या प्रशासनिक एक डाक चैन बनकर ही रह जायेगा।*

** सरपंच के ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार है मैं चाहता हुं कि निष्पक्ष जांच हो*

***अलख राम घृतलहरे***
***सरपंच प्रतिनिधि कौड़िया***

** जनपद में स्टाफ की कमी के वजह से जांच नहीं हो पाई है एक दो रोज में टीम गठित कर जांच किया जाएगा।*

***रोहित नायक सीईओ***
***जनपद पंचायत पलारी***

# ग्लोबल ब्रिलियंस अवार्ड के लिए डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति का हुआ चयन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।






असाधारण साहित्य सेवा के लिए वर्ष-2022 का डॉ. नेल्सन मंडेला ग्लोबल ब्रिलियंस अवार्ड हेतु डॉ.किशन टण्डन क्रान्ति का चयन किया गया है। आप वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासनए महिला एवं बाल विकास विभाग में उपसंचालक हैं। अब तक आपकी 30 पुस्तकें तथा 3 साझा काव्य.संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं और दर्जनभर पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं। आप छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के संस्थापक एवं प्रदेशाध्यक्ष भी हैं। अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान एवं अलंकरण प्राप्त डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति द्वारा सेक्स वर्करों की दर्द में डूबी जिन्दगी के बारे में लिखा गया. अदा उपन्यास विश्व में सर्वाधिक पढ़े जाने वाले उपन्यासों में से एक है। कवि, लेखक, समीक्षक एवं सम्पादक साहित्य वाचस्पति डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति को बिगेस्ट इंटरनेशनल कांक्लेव. नेल्सन मंडेला वैश्विक प्रतिभा सम्मान 9 अक्टूबर 2022 को फाइव स्टार होटल मैरियट इंदौर मध्यप्रदेश में भारत के विख्यात सेलिब्रिटी द्वारा प्रदान किया जाएगा। इ.टरनेशनल ह्यूमैनिटी मिशन ऑर्गनाइजेशन द्वारा असाधारण साहित्य सेवा के लिए प्रदान किए जाने वाले इस सम्मान के तहत एनएमजीबी, ट्रॉफी, आकर्षक फेम में जड़ित सर्टिफिकेट, गोल्डन पैटर्न में मेडल इत्यादि प्रदान किए जाएंगे। डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति असाधारण साहित्य सेवा के लिए यह सम्मान प्राप्त करने वाले देश के इकलौते साहित्यकार हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के कविगण सर्वश्री तिलक तनौदी, जुगेश बंजारे धीरज, डॉ.गोवर्धन मार्शल, गणेश्वर आजाद, सुरजीत,लछन दास टण्डन, एडवोकेट मणिशंकर गदगद, हंसदेव बांधड़े, एचएल कुर्रे, बूंदराम जांगड़े, अनिल कुमार मौर्य अनल, गणेश महन्त, अश्वनी कोसरे प्रेरक, वेदराम जाटवर वेदांज, डॉ.दुर्गा प्रसाद मेरसा, जगतारण प्रसाद डहरे, मनोज खाण्डे मन, दीनदयाल टण्डन,सरस्वती लहरे, डॉ.श्यामा कुर,कामिनी पुरेना, कौशिल्या खुराना, आशा भारद्वाज, छत्तीसगढ़ प्रान्तीय साहित्य समिति के अध्यक्ष डॉ.जे.आर.सोनी.यह पूरे भारत में मात्र 14 लोगों को यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्र में दिया जा रहा है।साहित्य के क्षेत्र में अकेले किशन टंडन क्रांति को यह सम्मान दिया जा रहा है ये हमारे जाति समाज और राज्य गौरव करने वाली बात है। तथा जुगेश बंजारे, कमलेश कुमार ढिंढे, मणीशंकर दिवाकर अधिवक्ता,परिजनों एवं इष्ट मित्रों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# रिपोर्ट पेश नहीं करने पर जिला न्यायालय ने सरकंडा थाना प्रभारी को भेजा नोटिस

बिलासपुर। बिलासपुर जिला न्यायालय में सरकंडा थाना प्रभारी द्वारा एफएसएल रिपोर्ट पेश न किए जाने को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि लगता है पुलिस अफसर को कोर्ट के दिशा-निर्देशों की परवाह नहीं है और न ही निर्देश के परिपालन को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं।



नाराज कोर्ट ने नोटिस जारी कर थाना प्रभारी को तलब कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई के दौरान अभियुक्त की ओर से उनके अधिवक्ता द्वारा धारा-317 दंप्रस का आवेदन उसकी अनुपस्थिति में माफीनामा के साथ पेश किया गया। कोर्ट ने आवेदन को स्वीकार करते हुते अधिवक्ता को अपनी बात रखने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बीते निर्देशों का हवाला देते हुए एफएसएल रिपोर्ट के संबंध में जानकारी मांगी व इसे कोर्ट के समक्ष पेश करने कहा। शासकीय अधिवक्ता द्वारा सरकंडा थाना से रिपोर्ट अब तक न आने की जानकारी कोर्ट को दी। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अब तक एफएसएल रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। इसके संबंध में कोई जानकारी या स्पष्टीकरण भी पेश नहीं किया गया है। प्रकरण में बचे एक मात्र शेष गवाह सहायक उपनिरीक्षक शारदा सिंह का जमानतीय वारंट तामील प्रस्तुत नहीं किया गया है।

जबकि उपरोक्त गवाह वर्तमान में बिलासपुर में ही पदस्थ हैं। पुलिस गवाह होने के कारण जमानतीय वारंट तामीली के निर्देश दिए। कोर्ट ने बरती जा रही लापरवाही को लेजर नाराजगी जाहिर की व कहा कि उपरोक्त स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है। इस प्रकरण में पूर्व में लोक अभियोजक को निर्देशित किये जाने पर उनके द्वारा भी एफएसएल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए थाना प्रभारी को 25 अगस्त 2022 को ज्ञापन प्रेषित किया गया था। इसके बाद आठ सितंबर 2022 को भी जानकारी दी गई थी। थाना प्रभारी एफएसएल रिपोर्ट आज तक प्रस्तुत नहीं करने पर उनके द्वारा कार्रवाई किये जाने की चेतावनी समेत नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### नवीन कृषक पंजीयन एवं पूर्व पंजीकृत रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने एक आदेश जारी कर खरीफ विपणन वर्ष 2022-.23 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उर्पाजन हेतु नवीन कृषक पंजीयन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु उप संचालक कृषि, उप पंजीयक सहकारी संस्था, सर्व अनुविभागीय अधिकारी रा. सर्व तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. दुर्ग जिला बेमेतरा को निर्देशित किए हैं। जिलाधीश ने बताया कि राज्य शासन द्वारा नवीन कृषक पंजीयन एवं पूर्व पंजीकृत रकबे में संशोधन की कार्यवाही 01 जुलाई 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक किये जाने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है। अतः निर्धारित समयावधि के भीतर नवीन कृषक पंजीयन की कार्यवाही सुगमता पूर्वक पूर्ण किये जाने हेतु कृषक पंजीयन संबंधी समुचित प्रचार-प्रसार करने तथा पंजीयन हेतु आवेदन प्राप्त होने पर शीघ्र निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उप संचालक कृषि ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का विक्रय हेतु जिले में नवीन कृषक पंजीयन हेतु अब तक कुल 06 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनका ऑनलाईन पंजीयन किया जा चुका है।

### गोबर बेचकर पशुपालक रामचंद ने खरीदी मोटरसायकल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छग शासन की फ्लैगशिप योगना गोधन न्याय योजना से ग्रामीण और शहरी इलाको में गौ-पालको को आमदनी का अतिरिक्त जरिया मिला है। बेमेतरा जिले के विकासखण्ड़ नवागढ़ के ग्राम टोहड़ी के पशुपालक रामचंद यादव पिता सुकालू यादव ने बताया कि गोबर बेचकर उन्होने अपने कच्चे मकान को पक्का बनवाया है। साथ ही उन्होने अपनी पत्नि के लिए सोने के गहने खरीदी है जो उनके लिये कभी सपने बनकर रह गया था। दुकालू यादव ने बताया कि गोबर बेचकर अपने उपयोग के लिए मोटरसायकल खरीदा है और बचत राशि को अपने बचत खाते में जमा कर के रखे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस योजना के शुरू करने का मुख्य उद्देश्य पशुपालको के आय में वृद्धिए स्थानीय लोगो को रोजगार के अवसर प्रदान करना, खुली चराई में रोक लगाना, जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देना द्विफसलीय क्षेत्र विस्तार करना है। गोधन न्याय योजना छग ही नहीं पुरे देश में लोकप्रिय योजना का रूप ले चुकी है। भारत सरकार ने भी इस योजना की सराहना की है। छग में गोधन न्याय योजना के शुरू होने के बाद से बहुत से गौ-पालक एवं स्वसहायता समुह की महिलाओ ने अपने सपने साकार किये है।

### केजूराम 8 लीटर महुआ शराब सहित पकड़ाया ,न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




जिले के बागबाहरा क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब बिक्री के कारोबार रखी जा रही है। इसी तारतम्य में कल 16 सितंबर को मुखबिर सूचना पर ग्राम भदरसी निवासी केजू राम बरिहा पिता शोभाराम बरिहा 35 वर्ष के पास से एक गोल्डन कलर की प्लास्टिक जरकीन में 05 लीटर वाली में भरी हाथ भट्ठी की महुआ शराब 05 लीटर एवं एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरकीन 05 लीटर वाली में भरी हाथ भट्ठी की महुआ शराब 03 लीटर कुल जुमला शराब 08 लीटर कीमती 1600 रूपये को मौके पर गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34;2, आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध थाना बागबाहरा में अपराध क्रमांक 191/2022 धारा 34 ;2, आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में प्रशिक्षु गरिमा दादर, उप निरीक्षक स्वराज त्रिपाठी,सउनि जनकलाल पटेल, आरक्षक नुतेन्द्र साहू, मुकेश चौधरी का विशेष योगदान रहा।

# बाथरूम जाने के बहाने जिला अस्पताल से विचाराधीन बंदी फरार

## लापरवाह जेल प्रहरी निलंबित,फरार बंदी की तलाश जोरों पर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया विचाराधीन बंदी, बीती रात बाथरूम जाने के बहाने जिला अस्पताल से फरार हो गया हैं। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात जेल प्रहरी अमल दास तिर्की को सहायक जेल अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। समूचा वाक्या इस प्रकार है। विचाराधीन बंदी यादराम ठाकुर 25 वर्ष निवासी ग्राम चारभांठा थाना सरायपाली को अपहरण और बलात्कार जैसे अपराध के आरोप में भारतीय दंड विधान की धारा 363/366/376 और 06 पाक्सो एक्ट के तहत 23 जनवरी 2020 को जिला जेल बेमचा में विरुद्ध किया गया था। बीते 14 सितंबर को उसे पेशी के लिए सरायपाली ले जाया गया था। वहां अचानक बंदी की तबीयत खराब होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां मरीज की गंभीर दशा को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया । यहां पर पेशी और उपचार के बाद उसे जेल पहुंचा दिया गया था। लेकिन रात में पुनः तबियत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान जेल प्रहरी अमल दास तिर्की अपने साथी जेल प्रहरी अशोक सोनकर और भरत सेन के साथ डयूटी पर तैनात था। जहां से 15 और 16 तारीख की दरमियानी रात विचाराधीन बंदी यादराम ठाकुर बाथरूम जाने के बहाने अस्पताल से फरार हो गया है। जेल अधीक्षक मुकेश कुशवाहा द्वारा सिटी कोतवाली पुलिस में सूचना दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने धारा अपराध 224 भादवि के तहत अपराध कायम कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# कलेक्टर ने कई ग्रामों का दौरा एवं स्कूलों का किया निरीक्षण

## बच्चों के साथ कक्षा में पढ़ी कविता, बच्चों को भावार्थ भी समझाया

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर पीएस ध्रुव ने शुक्रवार को जिला भ्रमण के दौरान विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिकता से स्कूलों का निरीक्षण किया।





उन्होंने ग्राम कछौड़, ताराबहरा, बिरौरीडांड, सेमरिया, डांड हंसवाही में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का निरीक्षण कर शैक्षणिक कार्यों में सुधार लाने शिक्षकीय स्टाफ को निर्देशित किया साथ ही विद्यालय परिसर में साफ-सफाई भी रखने कहा। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में अधोसंरचना में आवश्यक मरम्मत की जानकारी ली तथा संधारण के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में सोख्ता गड्ढा तैयार करने एवं जिन स्कूलों में पुस्तकालय हैं वहां आवश्यक किताबों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में रनिंग वाटर और शौचालयों की बेहतर व्यवस्था रहे। ग्राम सेमरिया के पूर्व माध्यमिक शाला में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ध्रुव ने गणित विषय पर बच्चों से सवाल किए जिनका बच्चों से सहजता से जवाब दिया। डांडहंसवाही में शाला निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों के साथ देशभक्ति की भावना से भरी तुझे कुछ और भी दूं कविता पढ़ी और इसका सरल भावार्थ भी बच्चों को समझाया। कलेक्टर ध्रुव ने तहसील केल्हारी अंतर्गत ग्राम पहाड़हंसवाही और कछौड़ में गिरदावरी कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को शत प्रतिशत त्रुटिरहित गिरदावरी पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जादू-टोना के शक में धारदार हथियार से महिला की जघन्य हत्या, फरार आरोपी चंद घंटे में गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



पोड़ी पुलिस को ग्राम सरभोका के सरपंच से सूचना मिली की ग्राम सरभोका के नवाडीह में एक महिला की हत्या कर दी गई है सूचना पर थाना प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक सुनील सिंह द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे कि सूचना की तस्दीक पर पाया गया कि राधेश्याम के मक्का बाड़ी में मृतिका कलेसिया उर्फ कौशिल्या पति प्रेमसाय पंडो उम्र 50 वर्ष निवासी सरभोका नवाडीह की मरी पड़ी है उसके सिर चेहरा गला में किसी धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार गंभीर चोट पहुंचाया गया है उसके पति प्रेमसाय पंडो ने बताया कि उसकी पत्नी कलेसिया जब तालाब से शाम करीब 5:30 बजे नहाकर घर आ रही थी तब गांव का उमेश कुमार केवट इसकी पत्नी को जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से कई बार वार कर उसकी हत्या कर भाग गया है। कि घटना की पूरी जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक एमसीबी टीआर कोशिमा को अवगत कराया गया जिनके द्वारा तत्काल कार्यवाही करने फरार आरोपी को अति शीघ्र पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया एवं नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी पी पी सिंह के दिशा निर्देश मे थाना प्रभारी पोड़ी चौकी प्रभारी नागपुर व स्टाफ की टीम बनाकर आरोपी की पता साजी हेतु लगाया गया की टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी कर देर रात उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया मृतिका के शव को पंचनामा बाद पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया आरोपी उमेश कुमार से घटना के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि मृतिका कलेसरी उसकी पड़ोसी है जो कभी कभी गाली गलौज करती थी तथा इसकी पत्नी की तबीयत हमेशा खराब रहती थी बाल बच्चे नहीं हो रहा है इसे शंका था कि कलेसरी द्वारा जादू टोना किया गया होगा तब उसे जान से मारने का मन बनाया और घटना समय जब मृतिका तालाब से अपने घर वापस आ रही थी तब मौका देख कर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ 8.10 बार मारकर कलेसरी की हत्या कर दिया कि आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार हथियार जर कट्टी बरामद कर जप्त किया गया आरोपी उमेश कुमार केवट पिता स्वर्गीय नारायण प्रसाद जाति केवट उम्र 22 वर्ष निवासी सरभोका नवाडीह थाना पोड़ी को धारा 302 भादवि 3,4 टोनही प्रताड़ना अधिनियम एवं 3;2.5, एसटी एससी एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया उक्त त्वरित कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन दिशा निर्देश में थाना प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक सुनील सिंह चौकी प्रभारी नागपुर सहायक उप निरीक्षक राकेश शर्मा सहायक उप निरीक्षक विनय तिवारी प्रधान आरक्षक राम रूप सिंह. आशीष मिश्रा आरक्षक सुरेंद्र कुमार, सुनील रजक मनोज कुमार,दिनेश यादव,मोहम्मद शाहबाज सैनिक दिलीप गौड.संजय आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में लॉस्ट के प्रीमियर को लेकर खुश हुईं पिया वाजपेयी

अभिनेत्री पिया वाजपेयी नौवें स्थान पर हैं क्योंकि उनकी फिल्म लॉस्ट को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2022 में ओपनिंग नाइट प्रीमियर फिल्म के रूप में चुना गया है। अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा निर्देशित, इसमें यामी गौतम, पंकज कपूर, राहुल खन्ना, नील भूपालम और तुषार पांडे मुख्य भूमिकाओं में हैं।

वेंकट प्रभु की कॉमेडी ड्रामा गोवा, तमिल फिल्म को, तेलुगु फिल्म दलम, मास्टर्स (मलयालम) और मुंबई दिल्ली मुंबई (हिंदी) में दिखाई देने वाली अभिनेत्री ने उम्मीद जताई कि अंतरराष्ट्रीय दर्शक बड़े सपनों और महत्वाकांक्षाओं वाली एक छोटे शहर की लड़की की भूमिका की सराहना करते हैं।

पिया ने कहा, फिल्म के संदर्भ में इंतजार और सभी देरी इसके लायक थी। मुझे इस फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं और मुझे यकीन है कि मेरी भूमिका दर्शकों को खुश करेगी।

एक छोटे शहर से होने के कारण, मेरे पास बहुत ही चुनिंदा दर्शक हैं और इस फिल्म के जरिए मैं खुद को साबित करना चाहता हूं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना चाहता हूं।

लॉस्ट एक युवा महिला क्राइम रिपोर्टर और सच्चाई को खोजने के उसके मिशन और एक थिएटर एक्टिविस्ट के अचानक गायब होने के कारण के बारे में है।

शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल की स्थापना 1964 में फिल्म निर्माता और ग्राफिक कलाकार माइकल कुत्जा ने की थी।

यह उत्तरी अमेरिका में सबसे लंबे समय तक चलने वाला फिल्म समारोह है।

# तमन्ना भाटिया ने हैंडक्राफ्टेड बॉडीकॉन ड्रेस में इंटरनेट पर लगाई आग



टॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को आज के समय में कौन नहीं जानता है, वह हमेशा ही किसी न किसी बात के चलते चर्चाओं में बनी रहती है, वहीं तमन्ना भाटिया हमेशा ही अपने स्टाइलिस्ट फैशन से अपने फैंस का दिल जीत लेती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ था। इंटरनेट पर आग लगाने के लिए इस बार तमन्ना भाटिया ने हैंड फ्टेड बॉडीकॉन ड्रेस पहन रखी है। इस ड्रेस में तमन्ना भाटिया का बहुत ही स्टाइलिस्ट अवतार निखर कर आया, जो उनके फैंस के दिलों में बस चुका है।

तमन्ना ने इस ब्लू ड्रेस में अपने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज साझा की है। खबरों का कहना है कि ये ड्रेस तमन्ना ने अपनी आगामी मूवीज प्लान ए प्लान बी के ट्रेलर लॉन्च के समय पहन रखी थी। इस ड्रेस को देखकर कई लड़कियों का इस पर दिल आ चुका है। ये ड्रेस थोड़ी हटकर इसलिए लड़कियों को पसंद भी आ रही है।

यदि आपको भी ये ड्रेस पसंद है और आप इसे अपने कलेक्शन में शामिल करना चाहते है तो आप भी इस बारें में जान लें कि, ये ड्रेस ह्यूमन ब्रैंड की है। इसे खरीदने के लिए आपको 47,500 रुपये खर्च करने पड़ सकते है।

# नागा शौर्य-स्टारर कृष्णा वृंदा विहारी का धमाकेदार ट्रेलर जारी

निर्देशक अनीश आर. कृष्णा की रोमांटिक कॉमेडी एंटरटेनर कृष्णा वृंदा विहारी की यूनिट ने फिल्म का नाटकीय ट्रेलर जारी किया।



ट्रेलर में कृष्णा (नागा शौर्य) को एक सभ्य ब्राह्मण व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है, जो एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी करने के बाद शहर आता है, जहां उसकी मुलाकात वृंदा (शर्ली सेतिया) नामक एक खूबसूरत लड़की से होती है। लड़की के साथ वृंदा को लुभाने के कृष्ण के प्रयास उसके प्यार को स्वीकार करते हैं और युगल एक साथ अपने समय का आनंद लेते हैं। तभी से समस्याएं पैदा होती हैं। कृष्णा का परिवार जहां रूढ़िवादी है, वहीं वृंदा एक शहरी लड़की है जो आधुनिक पोशाक पहनना पसंद करती है।

इसके अलावा, उनकी शादी के लिए एक और समस्या भी है। नागा शौर्य एक लाइववायर के रूप में सामने आते हैं।

# कीर्ति सुरेश ने उधयनिधि स्टालिन-स्टारर मामन्नान की शूटिंग की पूरी

निर्देशक मारी सेल्वराज की बहुप्रतीक्षित फिल्म मामन्नन में मुख्य भूमिका निभाने वाली कीर्ति सुरेश ने घोषणा की है कि उन्होंने फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है।



मामन्नन की पूरी यूनिट, जिसमें उदयनिधि स्टालिन और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं, ने फिल्म के सेट पर लोकप्रिय तमिल कॉमेडियन वाडिवेलु का जन्मदिन मनाया।

कीर्ति, जिन्होंने मामन्नन के सेट पर वडिवेलु के जन्मदिन समारोह में भाग लिया, ने उत्सव की तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, वैगई पुयाल वाडिवेल सर के जन्मदिन के साथ हैशटैग-मामन्नन को पूरा कर बहुत खुश हूं। जन्मदिन मुबारक हो सर।

इस अविश्वसनीय यात्रा के लिए धन्यवाद, उदयनिधि स्टालिन, मारी सेल्वराज, फहद फासिल, वाडिवेलु सर, थेनी ईश्वर और टीम।

उदयनिधि स्टालिन के प्रोडक्शन हाउस, रेड जाइंट मूवीज द्वारा निर्मित इस फिल्म में संगीत ए आर रहमान का है और छायांकन थेनी ईश्वर द्वारा किया गया है।

## खेल

# भारत 1S पाक एशिया कप सुपर-4 मैच ने तोड़ा रिकॉर्ड

## वर्ल्ड कप के बाद सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बना

एशिया कप के सुपर-4 में भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में खेले गए मैच ने अपने नाम एक रिकॉर्ड दर्ज कराया है। यह वर्ल्ड कप के बाद अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बन गया है।



टूर्नामेंट के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने जारी बयान में कहा है कि 4 सितंबर को एशिया कप के सुपर-4 में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच को 5 करोड़ 74 लाख लोगों ने देश में देखा है। वहीं अगर फाइनल को छोड़ दिया जाए, तो टूर्नामेंट के बाकी मैचों को 24 करोड़ 30 लाख लोगों ने देखा। जबकि पिछले साल श्व में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के मैचों और फाइनल को छोड़कर बाकी मैचों को 11 करोड़ 30 लाख लोगों ने देखा था।

### पाकिस्तान ने भारत को 5 विकेट से हराया था

दरअसल एशिया कप के ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को हराया था। वहीं सुपर-4 में 4 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच में पाकिस्तान ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया था। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 5 विकेट के नुकसान पर एक गेंद शेष रहते टारगेट को हासिल कर लिया था। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान ने 51 गेंदों पर 71 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 2 छक्के भी जड़े थे। वहीं मोहम्मद नवाज ने 20 गेंदों पर 42 रन बनाए थे। उन दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी हुई थी।

### एशिया कप को श्रीलंका ने जीता

एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका ने पाकिस्तान को 23 रन से हरा दिया। टीम 2014 के बाद इस मेगा टूर्नामेंट की चैंपियन बनी है। यह श्रीलंका का छठवां टाइटल है। इससे पहले उसने 2014, 2008, 2004, 1997,1986 में यह खिताब जीता था। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 170 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 147 रन पर ऑल-आउट हो गई। श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट प्रमोद मदुशन ने लिए। वहीं, वानिंदु हसरंगा को 3 सफलता मिली। ये तीनों विकेट 17वें ओवर में आए और यही ओवर मैच का टर्निंग पॉइंट रहा।

# भारत ने नेपाल को हराकर सैफ अंडर-17 खिताब जीता




**नयी दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन भारत ने कोलंबो में खेले गए फाइनल में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे नेपाल को 4-0 से करारी शिकस्त देकर सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। भारत की तरफ से बॉबी सिंह, कोरौ सिंह, कप्तान वनलालपेका गुइटे और अमन ने एक-एक गोल किया। नेपाल ने भारत को लीग चरण में 3-1 से हराया था। लेकिन फाइनल में भारतीय टीम शुरू से ही दबदबा बनाने के लिए बेताब देखी और उसने नेपाल की रक्षा पंक्ति में सेंध लगाने की अच्छी कोशिश की। बॉबी ने 18वें मिनट में हैडर से गोल दागकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। बॉबी के गोल में अहम भूमिका निभाने वाले गुइटे ने इसके 12 मिनट बाद फिर से गेंद बनाई और इस बार उनके पास पर कोरौ सिंह ने भी गोल करने में कोई गलती नहीं की। इसके बाद नेपाल गोल करने के लिए बेताब दिखा।

## एक नजर

### मुंबई इंडियंस केप टाउन ने कैटिच को मुख्य कोच और हाशिम अमला को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**मुंबई** । पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर साइमन कैटिच गुरूवार को मुंबई इंडियंस केप टाउन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया जबकि दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हाशिम अमला बल्लेबाजी कोच होंगे। फ्रेंचाइजी ने शुरूआती दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग से पहले इसकी घोषणा की। इनके अलावा टीम में क्षेत्ररक्षण कोच की जिम्मेदारी न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज जेम्स पामेंट को सौंपी गयी है और एक अन्य पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर रॉबिन पीटरसन महाप्रबंधक होंगे। कैटिच ने कहा, मुंबई इंडियंस केप टाउन के मुख्य कोच के पद की पेशकश किया जाना सम्मान की बात है। एक नयी टीम बनाना हमेशा ही विशेष होता है जिसमें कौशल निखारना और टीम संस्कृति तैयार करना शानदार होगा। अमला ने कहा, मैं मुंबई इंडियंस केप टाउन के लिये इस जिम्मेदारी को उठाने के लिये रोमांचित हूं। मुंबई इंडियंस के मालिकों, प्रबंधन और मेरे मैनेजर का धन्यवाद जिनकी बदौलत यह काफी सरल रहा।



मुंबई इंडियंस केपटाउन ने अभी तक पांच खिलाड़ियों ङ्क कागिसो रबाडा, डेवाल्ड ब्रेविस, राशिद खान, सैम कुरेन और लियाम लिविंगस्टोन ङ्क से करार करने की घोषणा की है।

### पाकिस्तान के पूर्व अंपायर असद रऊफ का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**नयी दिल्ली** । पाकिस्तान के पूर्व अंपायर असद रऊफ का लाहौर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 66 साल के थे।



रऊफ ने वर्ष 2000 में अंपायर के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 64 टेस्ट मैच में अंपायरिंग की जिनमे वह 49 मैचों में मैदानी अंपायर जबकि 15 मैचों में टीवी अंपायर रहे। इसके अलावा उन्होंने 139 वनडे और 28 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी अंपायरिंग की। वह 2000 के दशक में पाकिस्तान के प्रमुख अंपायरों में से एक थे। रिपोर्टों के अनुसार रऊफ को बुधवार को लाहौर में अपनी दुकान से लौटने के तुरंत बाद दिल का दौरा पड़ा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा ने ट्वीट करके कहा, असद रऊफ के निधन का समाचार सुनकर बहुत दुखी हूं। वह न केवल एक अच्छे अंपायर थे बल्कि उनमें हास्य का पुट भी भरा था। वह हमेशा मेरे चेहरे पर मुस्कान बिखेर देते थे और जब भी मुझे उनकी याद आएगी तो वह ऐसा करेंगे। उनके परिवार के प्रति मेरी सहानुभूति है। रऊफ ने पाकिस्तान के नेशनल बैंक और रेलवे की तरफ से 71 प्रथम श्रेणी मैच खेले और बाद में वह अंपायर बन गए।

# स्कूल-ड्रॉपर से लेकर 20 ग्रैंड स्लैम चैंपियन तक का सफर

## पिता ने 2 साल की मोहलत दी थी, इतने में वर्ल्ड नंबर-1 बन गए थे रोजर फेडरर

टेनिस बिग-3 में से एक रोजर फेडरर ने गुरुवार को रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। वे 23 से 25 सितंबर के बीच लंदन में अपने करियर का आखिरी टूर्नामेंट (लेवर कप) खेलेंगे। 41 साल के स्विस स्टार के संन्यास के ऐलान के बाद हम आपको बता रहे हैं उनके स्कूल-ड्रॉपर से 20 ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनने की कहानी। बसेल शहर में 8 अगस्त 1981 को जन्मे रोजर 1992-93 में अपने शहर में आयोजित स्विस इंडोर टूर्नामेंट में बॉल उठाते (बॉल ब्वॉय) थे। 1996 में उन्होंने जूनियर लेवल पर अपना पहला टूर्नामेंट खेला। तब वे 14 साल के थे। 2 साल




बाद 16 साल के फेडरर ने अपने पिता से पढ़ाई छोड़ने की बात कही, क्योंकि वे पढ़ाई के कारण अपने खेल पर ध्यान नहीं दे पा रहे थे। इस पर उनके पिता रॉबर्ट फेडरर ने उन्हें 2 साल की मोहलत देते हुए कहा था कि सफल नहीं हुए तो टेनिस छोड़कर स्कूल जाना पड़ेगा। फेडरर दोबार स्कूल नहीं जाना चाहते थे। इसलिए वे इन दो साल में जूनियर के वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी बन गए थे। फेडरर ने साल 1998 में जूनियर खिलाड़ी के तौर पर विंबलडन खेलना शुरू कर दिया था। इसी साल वे स ओपन की जूनियर कैटेगरी के फाइनल में भी पहुंचे थे।

# मुंबई और पंजाब को मिला नया हेड कोच

## MI ने मार्क बाउचर तो पंजाब ने ट्रेवर बेलिस को सौंपी जिम्मेदारी, जयवर्धने और कुंबले को हटाया गया

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका टीम के कोच और पूर्व क्रिकेटर मार्क बाउचर को मुंबई इंडियंस का नया हेड कोच नियुक्त किया है। वो महेला जयवर्धने की जगह लेंगे।




वहीं, पंजाब किंग्स ने अनिल कुंबले को टीम के हेड कोच के पद से हटाकर 2019 वर्ल्ड कप के दौरान इंग्लैंड टीम के कोच रहे ट्रेवर बेलिस को ये जिम्मेदारी सौंपी है। IPL सीजन 2023 से दोनों हेड कोच की भूमिका में नजर आएंगे। महेला जयवर्धने फ्रेंचाइजी से जुड़े रहेंगे, लेकिन उन्हें कुछ बड़ी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। जिसके चलते उन्हें हेड कोच की भूमिका को छोड़ना पड़ा। इस नियुक्ति के बाद बाउचर ने कहा, 'मैं इस चुनौती को लेकर उत्साहित हूं और जिन परिणामों की मुझसे आशा की जा रही है उसकी इज्जत करता हूं। ये एक मजबूत यूनिट है जिसमें कई शानदार खिलाड़ी और अच्छी लीडरशिप है। मैं इस डायनामिक यूनिट में और वैल्यू ऐड करने को लेकर उत्साहित हूं।' हाल ही में साउथ अफ्रीका को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-1 से शिकस्त मिली इसके ठीक बाद बाउचर ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद साउथ अफ्रीका टीम के कोच के पद को छोड़ने का ऐलान किया था।

# वरिष्ठ जनों के सम्मान के साथ होगा महाराजा श्री अग्रसेन जयंती समारोह का आगाज

## 17 से 27 तक जयंती का होगा ऐतिहासिक आयोजन, 54 से अधिक प्रतियोगिताएं होंगी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अग्र कुल के पुरोधा महाराजा अग्रसेन जी की 5146 वीं जयंती महोत्सव आयोजन की भव्य तैयारियों के मद्दे नजर अग्रोहा भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान आयोजन समिति प्रभारी सुनील लेंध्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वरिष्ठ जनों के सम्मान एवं नटवर स्कूल मैदान में भव्य आतिशबाजी के साथ महाराजा श्री अग्रसेन जयंती समारोह का आगाज होगा। इस दस दिवसीय महोत्सव के आयोजन से आपसी भाईचारा एवं परिचय का दायरा बढ़ेगा साथ ही अग्र प्रतिभाओं को निखरने का सु अवसर मिलेगा। 17 सितंबर दस दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में हर दिन पारिवारिक माहौल में बौद्धिक, सांस्कृतिक व खेल से जुड़े विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित समय व स्थान पर आयोजित होगा। साथ ही पहली बार समाज में आयोजन को लेकर जबरजस्त उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति के प्रचार-प्रसार प्रमुख अधीश रतेरिया ने बताया कि समारोह का भव्य शुभारंभ 17 सितंबर को शाम 4 बजे नटवर स्कूल मैदान में अग्र समाज के वरिष्ठ जनों के सम्मान व



* आतिशबाजी और गाजे-बाजे के साथ कार्यक्रम की दिखेगी अनोखी छटा
* 26 को महाराज श्री अग्रसेन की मनभावन व आकर्षक निकलेगी शोभायात्रा व अग्र भोज का आयोजन

आतिशबाजी के साथ महाराजा श्री अग्रसेन जयंती समारोह का आगाज होगा। इस अवसर पर जिंदल स्टील एंड पॉवर के रायगढ़ कार्यपालक निदेशक आरके अजमेरिया मुख्य अतिथि होंगे। अतिथि के रूप में राधेश्याम लेंध्रा, पूर्व विधायक कृष्ण कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, महेन्द्र मोडा, अजय रतेरिया, गौरीशंकर गोयल, सागर महमिया के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। यह ऐतिहासिक आयोजन आगामी 17 से 27 सितंबर तक अनवरत दस



दिनों तक चलता रहेगा। 21 को अग्रोहा भवन में सुबह नौ बजे समाज की महिलाएं व पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना व महाआरती में शामिल होंगी। 26 सितम्बर की शाम महाराज श्री अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा शहर के मुख्यमार्गों से निकलेगी। शाम को अग्र भोज का आयोजन किया जाएगा।

### अग्रोहा भवन में हुई पत्रकार वार्ता

आयोजन समिति द्वारा शुक्रवार को बुलाई गई पत्रकार वार्ता में निर्मल अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के दौरान विभिन्न



कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु जोन प्रभारी बनाये गये हैं साथ ही सभी कार्यक्रमों से संबंधित अलग अलग आयोजन प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है। रेखा महमिया ने पत्रकारों को मिस और मिसेज अग्रवाल कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कैटवॉक, ड्रेसअप और उनकी रिहर्सल संबंधी विस्तृत जानकारी दी। वहीं अशोक अग्रवाल ब्लू चीप ने मिस्टर रायगढ़ अग्रवाल प्रतियोगिता के विषय में पूरी जानकारी दी। मनीष पालीवाल ने लूडो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ पत्रकार अनिल रतेरिया ने पिछले दो दशक से हो रही जयंती के बढ़ते स्वरूप के बारे में बताते हुए कहा कि रायगढ़ की अग्रसेन जयंती महोत्सव का छत्तीसगढ़ में विशेष स्थान है। इस दौरान मंच पर जयंती प्रभारी सुनील अग्रवाल लेन्ध्रा, अनूप रतेरिया, मनीष पालीवाल, प्रदीप गर्ग मौजूद रहे। अग्रसेन सेवा संघ के मुकेश कलानोरिया ने आभार प्रकट किया।

### इन प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

प्रतियोगिता में प्रमुख रुप से श्री अग्रसेन क्रिकेट टॉफी, बॉक्स क्रिकेट, जुंबा डांस, स्वीमिंग, रोलर स्केटिंग, ह्यूमन लूडो, ह्यूमन सांप सीढ़ी, एयर राइफ ल, अग्र मैराथन, बैडमिंटन, पिट्टठूलए खो-खो, सब खेलो-सब जीतोए इंस्टाग्राम आनलाइन गेम्स, पुष्पहार सामान्य, नोट गिनो, कैरम, शतरंज, हेम्पर सजाओ, मॉकटेल व नमकीन, गोला चक्र, दौड़ 100 मीटरए धीमी स्कूटर, टीवी सीरियल के एक्टर बनो, रंगोली सजाओ, बर्थ- डे की बॉल सजाओ, माता माधवी की थाली, सामान्य ज्ञान, चल सखी चुगली करें, मौन अभिनय, सोलह श्रृंगार की थाली, सिल्वर जुबली की टेबल सजाओ, कसीदाकारी, गणित का ज्ञान, शाम की चाट, फैंसी ड्रेस, सुपर फैमिली, नन्हें सितारे, म्युजिकल हाउजी, डांस बैटल, रंग भरो, ब्लाइंड मेकअप, विज्ञान प्रदर्शनी, जलेबी दौड़ खास आकर्षण आयोजन मिस व मिसेज अग्रवाल, मिस्टर अग्रवाल, हिट द ग्लास, बैनर स्लोगन समाज में अपनी वृद्धजनों का स्थान सहित कुल 45 प्रतियोगिताएं कार्यक्रम प्रभारियों के निर्देशन में निर्धारित स्थानों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अग्र समाज के बच्चोंए युवा, युवतियों व महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह है।

अग्र जनों में प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर अपार उत्साह है जो कार्यक्रमों के जरिये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसी तरह भव्य शोभा यात्रा आगामी 26 सितम्बर सोमवार की शाम पांच बजे से श्री अग्रसेन मंदिर गांधी गंज से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न निर्धारित मार्ग में भव्य बाजे-नगाड़े, जयकारे व आतिशबाजी के साथ भ्रमण करेगी जो विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। इसके पश्चात 26 सितम्बर को ही रात्रि आठ बजे से महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की खुशी में आशीर्वाद एवं प्रसाद स्वरुप भंडारा ;अग्र प्रसादद्ध का आयोजन होगा।

## एक नजर

# शराब खरीदने वालों को महिलाओं ने बांटे गुलाब

### दुकान हटाने 9 दिन से कर रही हैं आंदोलन; अब नुक्कड़ नाटक कर पहुंचाएंगी संदेश



**भिलाई।** भिलाई के नंदनी रोड से देसी व विदेशी शराब दुकान हटाने को लेकर लगातार आंदोलन जारी है। आंदोलन के 9वें दिन आंदोलनकारी महिलाओं ने शराब दुकान में शराब खरीदने आए लोगों को गुलाब का फूल भेंट करके अपनी तकलीफ बताई है। महिलाओं का कहना है कि जब तक शराब दुकान यहां से नहीं हटती है वह लोग इसी तरह गांधीवादी तरीके से आंदोलन जारी रखेंगे।

इस आंदोलन का नेतृत्व भिलाई नगर निगम के पार्षद पीयूष मिश्रा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नंदनी रोड की शराब दुकान हटाने के लिए वह लोग आंदोलन कर रहे हैं। उनके साथ महिलाएं बच्चे और नंदनी रोड के व्यापारी सभी शामिल हैं। वे पिछले 9 दिनों से हांथो में तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं।

9 दिन बाद भी जब प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो उन्होंने शराब दुकान में शराब लेने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर उन से निवेदन किया की शराब दुकान के कारण आसपास के रहवासी बहुत परेशान हैं। बच्चों का स्कूल कॉलेज जाना दूभर हो गया है। आए दिन महिलाओं का अपमान होता है। छेड़खानी होती है। यहां व्यापारियों का व्यापार पूरी तरीके से खत्म हो गया है। गुलाब फूल लेते समय शराब खरीदने वाले शर्मिंदा होते दिखे। उन्होंने आंदोलन कारियों की मांग को जायज बताया।

### नुक्कड़ नाटक करके पहुंचाएंगे अपनी बात

पार्षद पीयूष मिश्रा ने बताया कि वे लोग कल से नुक्कड़ नाटक करेंगे। उसके माध्यम से लोगों को बताएंगे की शराब दुकान खुलने से किस किस तरह की परेशानी हो रही है। इसके साथ लोगों से मांग करेंगे कि वे भी इसमें उनका साथ दें, जिससे शासन प्रशासन उनकी मांग पर गौर करे और शराब दुकान हटाने के लिए मजबूर हो।

### निगम की टीम पहुंची पंडाल हटाने

विरोध प्रदर्शन को समाप्त करने के लिए 9वें दिन नगर निगम भिलाई और पुलिस की टीम पहुंची। आंदोलन समाप्त न करने को लेकर अड़े पार्षद पीयूष मिश्रा से उनकी काफी बहस हुई। निगम की टीम विधायक को शराब दुकान लिखे फ्लैक्स हटाने के लिए दबाव बना रही थी। काफी बातचीत के बाद निगम और पुलिस की टीम वहां से बैरंग लौट गई।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया आदर्श गौठानों का निरीक्षण

### रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना एवं गतिविधियों के संचालन के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए

**सूरजपुर** । जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम ने आदर्श गौठान सुन्दरपुर, खोपा का निरीक्षण कर बैठक किया। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए वहां महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क बनाया जाएगा। इसे स्थानीय, शासकीय एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्रामीण उत्पादन एवं सेवा केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका एवं रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन इंडस्ट्रियल पार्क में निजी उद्यमियों को उद्यम लगाने प्रोत्साहित किया जाएगा।

दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा। इस संबंध में बैठक लेकर शासन के निर्देशानुसार सभीआवश्यक अधोसंरचना तैयार करने एवं रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क की स्थापना एवं गतिविधियों के संचालन के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए है।

सीईओ ने प्रत्येक रीपा में लिए जाने वाली गतिविधियों हेतु समेकित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा ब्लूप्रिंट तैयार कर प्रत्येक उद्यम हेतु पृथक-पृथक बिजनेस प्लान के आधार पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए और उद्यम स्थापित करने इच्छुक स्थानीय युवाओं, स्व सहायता समूहों को चिन्हांकित करने कहा। उन्होंने रीपा के क्रियान्वयन के संबंध में अब तक की गई कार्यवाही की विस्तार से जानकारी ली तथा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

### सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

**कांकेर** । लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद मोहन मण्डावी की अध्यक्षता में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें केन्द्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति की समीक्षा किया गया। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं लोक निर्माण विभाग, कृषि, जल संसाधन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समाज कल्याण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मछली पालन विभाग, खनिज एवं राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों में प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया गया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत एवं प्रगतिरत सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। गुणवत्ताविहीन सड़कों के निर्माण होने पर संबंधित ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया गया। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सांसद मण्डावी ने कहा कि विकास कार्यों से कांकेर जिले को अग्रणी बनायें, ऐसा उत्कृष्ट काम करें कि यहां के लोग आपको वर्षों याद रखें। जो भी दायित्व सौंपे गये हैं, उनका भलीभांति निर्वहन किया जाये। वर्षा ॠतु के बाद सड़कों के मरम्मत करने के लिए भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अंतर्गत जिले में मजदूरी भुगतान लंबित नहीं है।

# कुनकुरी के 100 सीटर बालिका छात्रावास को बनाया गया है मॉडल छात्रावास

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

### जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ अंचल के आदिवासी बच्चों को उच्च शिक्षा की सुविधा देने के लिए बेहतर कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषिए रोजगार, स्वरोजगार के क्षेत्र में सार्थक कार्य किया जा रहा है। आज शिक्षा से बच्चों की तस्वीर बदल रही है और बच्चे अपना बेहतर भविष्य बना रहे हैं।

आदिम जाति विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों को मॉडल छात्रावास के रूप में विकसित किया जा रहा है। कुनकुरी विकासखंड के आदर्श शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में 100 बालिकाएं सर्व सुविधायुक्त छात्रावास का रहकर उच्च शिक्षा ले रही हैं। 11वीं से स्नातक तक की बालिकाएं रहती हैं। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन और आदिम जाति कल्याण विकास विभाग के







सहायक आयुक्त बीके राजपूत के दिशा-निर्देश में बालिकाओं को घर जैसा माहौल मिले इसके लिए छात्रावासों को मॉडल छात्रावास के रूप में विकसित किया जा रहा है। छात्रावास में बालिकाओं के भोजन करने के लिए डायनिंग टेबल-कुर्सी, कम्प्यूटर लैबए किचन गार्डन, फू ल-पौधे लगाकर गार्डन तैयार किया गया है। बालिकाओं की सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीव्ही कैमरा भी लगाया गया है। आदिम जाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावास में छात्रावास अधीक्षिका सुश्री देवकी सारथी ने बताया कि बालिकाओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। छात्रावास में महिला गार्डए महिला स्वास्थ्य कर्मचारी भी नियुक्त किए गए हैं और समय-समय पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है। किचन गार्डन में तैयार सब्जियों का भी उपयोग भोजन में किया जाता है। इसके साथ ही दीवारों पर जशपुर के पारंपरिक, सांस्कृतिक कलाकृतियों को भी चित्रण कर दर्शाया गया है। दीवारों पर सुन्दर श्लोकए सुचिवार और जिले व विकासखण्डों के अधिकारियों का नाम व संपर्क नम्बर भी अंकित किया गया हैं।



# 20 सितंबर को स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव का होगा प्रथम पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

### छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं जशपुर घराने के स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव के सुपुत्र थे युद्धवीर सिंह जुदेव

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय युद्धवीर सिंह जुदेव का 20 सितंबर 2022 को प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर उनके निवास महानदी सदन हरदी चंद्रपुर में दोपहर 2 बजे से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। उपरोक्त श्रद्धांजलि सभा की जानकारी देते हुए चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव ने बताया कि 20 सितंबर को दोपहर 2 बजे से प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा होगी। उल्लेखित हो की





स्वर्गीय युद्धवीर सिंह जूदेव चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के दो बार भारतीय जनता पार्टी से विधायक रहे एवं डॉ रमन सिंह की सरकार में उन्हें संसदीय सचिव के रूप में दर्जा देकर छत्तीसगढ़ शासन बेवरेज कॉरपोरेशन का चेयरमैन भी बनाया गया था। एवं युद्धवीर सिंह जूदेव अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से प्रसिद्ध जशपुर घराने के स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव के सुपुत्र थेए तथा विगत वर्ष उनका अस्वस्थता होने के कारण निधन हो गया था एवं युद्धवीर सिंह जूदेव को पूरे क्षेत्र सहित प्रदेश में लोग छोटू बाबा के नाम से जाने जाने जाते थे। तथा स्वर्गीय युद्धवीर सिंह जूदेव की धर्मपत्नी संयोगिता सिंह जूदेव ने वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना पहला चुनाव लड़ी तथा वर्तमान में संयोगिता सिंह जूदेव चंद्रपुर क्षेत्र में निरंतर पार्टी संगठन के कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी कर रही है। चन्द्रपुर मंडल महामंत्री गिरजा शंकर यादव व आईटी सेल प्रभारी गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा मे पूरा प्रदेश एवं क्षेत्र के सभी लोग अपने स्वर्गीय युद्धवीर सिंह जूदेव को प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना से जिले वासियों को मिल रहा लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





राज्य शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर पहुंच और घर के नजदीक में ही स्वास्थ्य जांच और ईलाज की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए संचालित मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना से जिलेवासी लाभान्वित हो रहे है। इस योजना से ग्रामीणों को गांव के हाट बाजार में दैनिक जरूरतों के सामान तो उपलब्ध हो ही रहे हैए साथ ही सर्दी, खांसी, बुखार की ईलाज एवं खून जांच की सुविधा मिल रही है। योजना अंतर्गत बीमारियों के ईलाज के लिए ग्रामीणों को नि:शुल्क दवाईयों का भी वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना अंतर्गत चिकित्सकों द्वारा गंभीर बीमारियों की भी पहचान कर मरीजों को बेहतर ईलाज के लिए जिला अस्पताल एवं अन्य अस्पतालों में रिफ र किया जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों में लोगो तक बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उददेश्य से योजना अंतर्गत एनीमिया जांचए मलेरिया जांच, एसआईवी जांच, सिकल सेल, टीबीए कुष्ट रोग, ब्लड प्रेसर, मधुमेह, नेत्र जांच एवं अन्य जांच भी किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कोरबा जिले में अगस्त 2021 से अब तक जिले के 65 हाट बाजारों में दो हजार 452 क्लीनिक लगाया जा चुका है। इन क्लीनिकों द्वारा जिले के एक लाख 12 हजार 629 लोगों का स्वास्थ्य जांच और ईलाज किया गया है।



योजना अंतर्गत जिले में कुल 65 बड़े हाट बाजारों का चिन्हांकन किया गया है। इसमें विकासखण्ड के करतला के 13, कटघोरा के नौ, कोरबा के 12, पाली के 17 और विकासखण्ड पोड़ीउपरोडा के 14 हाट बाजार शामिल है। हाट बाजारों में क्लीनिक लगाने के लिए जिले में कुल 13 मोबाईल मेडिकल यूनिट उपलब्ध है। इसके द्वारा बाजारों में क्लीनिक लगाकर लोगों का स्वास्थ्य जांचए खून जांच एवं दवाईयों का वितरण किया जाता हैं।

# शिक्षा का काम पुण्य का यह सुनते ही कहा..सर अब मैं बिना प्रॉफिट इस कार्य को करूंगा

## कलेक्टर से प्रभावित ठेकेदार सहित अधिकारियों ने लिया ईमानदारी से स्कूल भवन बनाने का संकल्प

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर–चाम्पा।





जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के संकल्प के साथ स्वास्थ्य केंद्रों और विद्यालयों का लगातार दौरा व निरीक्षण कर रहे जिले के कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जब चाम्पा में बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सालय में समय पर चिकित्सकों की उपस्थिति की जांच कर एक स्कूल पहुचे तो उन्होंने इस स्कूल के पास कई जर्जर भवन के कमरे को देखकर इसका कायाकल्प कर प्रदेश का सबसे बढ़िया मॉडल स्कूल बनाने की ठानी। इस दौरान यहां स्कूल में हुए कई अन्य कार्यों को संतोषजनक नहीं बताते हुए मौके पर उपस्थित अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार को कलेक्टर ने कहा कि स्कूल भवन बनाने या विद्या देने का काम बहुत ही पुण्य का होता है। पहले के लोग इस पुण्य काम में तनए मन और धन से अपनी भागीदारी देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आप अच्छा काम करेंगे तो लोग आपकी तारीफ करेंगे। आप भी अपनी पहचान छोड़कर जाइये। जब आप अपने बच्चों के लिए बेहतर स्कूल ढूंढते हैं तो इन्हें भी अपना मानकर स्कूल को बेहतर तरीके से ईमानदारीपूर्वक गुणवत्ता के साथ बनाइयें, ताकि यहां के विद्यार्थियों को किसी प्रकार की तकलीफ न हो। मैं शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए जितना पैसा लगेगा। दूंगा। कलेक्टर की इन बातों से प्रभावित होकर मौके पर उपस्थित ठेकेदार ने कहा, सर अब मैं बिना किसी प्रॉफि ट के इस स्कूल भवन के कार्य को करूंगा। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और इंजीनियर ने भी चाम्पा के इस शासकीय विद्यालय को प्रदेश का सबसे बढ़िया मॉडल स्कूल बनाने का संकल्प लिया।

### शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने कोई समझौता न किया जाए

कलेक्टर सिन्हा न आज चाम्पा में बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सालय सहित चाम्पा, सारागांव के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में सभी स्टाफ की उपस्थिति की जांच रजिस्टर मिलान कर की। स्वामी आत्मानन्द विद्यालय में उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने के साथ शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने, विद्यार्थियों के लिए आधुनिक लैब, लाइब्रेरी,खेल मैदान, कमरे, उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इसके लिए पैसे की कोई कमी भी नहीं है। चाम्पा में स्वामी आत्मानन्द विद्यालय का निरीक्षण करने आये कलेक्टर सिन्हा ने नगर पालिका सीएमओ और इंजीनियर को आवश्यकता अनुसार कार्य का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चाम्पा के रामबंधा तालाब का निरीक्षण किया और यहां कराए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए आमनागरिको की आवश्यकताओं को ध्यान रख के और भी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सौंदर्यीकरण के साथ बच्चों के खेलने तथा मनोरंजन के साधनों पर भी विचार करने की बात कही।

### आप लोग स्कूल ठीक करिये, पैसे की कमी नहीं

कलेक्टर सिन्हा चाम्पा से सारागांव के स्वामी आत्मानन्द बीडीएम विद्यालय पहुंचे। यहाँ लैब, लाइब्रेरी व्यवस्थित नहीं होने पर नाराजगी जताई और कहा कि विद्यार्थियों के साथ किसी तरह का अन्याय न हो। एक स्कूल में जो भी सुविधाएं मिल सकती हैए दी जानी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि यह विद्यालय एक मॉडल की तरह हो। जब सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है तो शिक्षक अच्छे से पढ़ाये। यहां जो भी कमी है उसे भी दूर करने के लिए जितना पैसा चाहिए देंगे। उन्होंने खेल मैदान को विकसित करने और वालीबॉल, बास्केटबॉल के लिए नेट आदि की व्यवस्था के निर्देश भी दिए। कलेक्टर नेए कमरे को सवारने, किचन, बाउंड्रीवालए लाइब्रेरीएफर्श के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित गांव के जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के कार्यो की प्रशंसा भी की।

### अमरूवा में नया स्कूल भवन बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने सारागांव के ग्राम अमरूवा में जर्जर हो चुकी प्राथमिक शाला के स्थान पर नया भवन हेतु 16.80 लाख की राशि देने की सहमति दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित सरपंच से कहा कि ग्राम पंचायत यदि भवन अच्छे से बना सकती है तो अपनी सहमति पत्र सोमवार तक दे। भवन गुणवत्तापूर्ण और समय पर बने यहीं उनकी प्राथमिकता है। कलेक्टर ने सारागांव में प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास का भी निरीक्षण किया। भवन की स्थिति जर्जर होने पट उन्होंने बच्चों और सामग्रियों को अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

# टीईटी परीक्षा 18 सितम्बर को

## परीक्षार्थी को आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बैंक पासबुक में से कोई भी एक दस्तावेज लाना होगा अनिवार्य

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 18 सितम्बर 2022 को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी)2022 का आयोजन दो पालियों में प्रात: 9.30 बजे से 12.15 बजे तक प्रथम पाली तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 4.45 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षार्थी अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र दो प्रति में तथा फोटो युक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बैंक पासबुक जैसे दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज के साथ पहुंचे। रायगढ़ जिला में प्रथम पाली में 105 केन्द्र तथा द्वितीय पाली में 95 केन्द्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा बनाया गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के डेढ घंटे पूर्व समस्त परीक्षार्थियों की पहचान मूल पहचान पत्र द्वारा मिलान प्रारंभ कर दिया जायेगा। कोविड-19 से बचाव हेतु मास्क पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करें। परीक्षा कक्ष में मोबाईल अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइज प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट बाद पूर्वान्ह 9.45 बजे के बाद तथा अपरान्ह 2.15 बजे के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

# कलेक्टर ने पकरीटोली राष्ट्रीय राजमार्ग का किया निरीक्षण

## अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को संड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए सख्त निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।





कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज कांसाबेल विकासखण्ड के पकरीटोली राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी को कार्य में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से रूबरू होकर जानकारी भी ली। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी को कड़ी हिदायत देते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी और कड़ी कार्यवाही की बात कही।

**लोगों से चर्चा करके जानकारी ली**

# रायगढ़ में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैम्प 18 सितम्बर को होगा आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।




रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ रॉयल एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 18 सितम्बर को नि:शुल्क मेगा कैम्प अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय के नए बिल्डिंग में लगाया जाएगा। जिसमें रायपुर से डॉक्टर गौरव त्रिपाठी, डॉ. सुलभ चन्द्राकर, डॉ.विनोद आहूजा, डॉ.भुवन शर्मा,डॉ. राहुल अहलुवालिया, डॉ. नीतीश नायक रायगढ़, डॉ अजित पटेल रायगढ़, आदि विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ द्वारा उक्त हेल्थ कैम्प में लोगों को नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा। वहीं उक्त हेल्थ कैम्प में हृदयरोग कार्डियोलॉजी,मस्तिष्क, स्नायुरोग न्यूरोलॉजी, गुर्दा एवं मूत्र रोग युरोलॉजी आदि जांच भी लोगों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। क्लब के सचिव मनोज अग्रवाल कम्युनिकेशन द्वारा बताया गया कि उक्त कैम्प लगाने में क्लब के अध्यक्ष विजय अग्रवाल एनआर व कार्यक्रम चेयरमैन आशीष महमिया के रूचि व सक्रियता के अतिरिक्त क्लब के अन्य सदस्यों और पदाधिकारियों के सहयोग के साथ-साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के रायगढ़ इकाई का विशेष सहयोग प्राप्त है। क्लब की ओर से जिले के आम जन से अपील है कि अधिकाधिक संख्या में आकर इस कैम्प में अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विशेषज्ञों से सलाह ले सकते हैं।

## एक नजर

# छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विकासखण्ड में दो रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे

## प्रत्येक पार्क के लिए दो करोड़ राशि आबंटित होगी



जोहार छत्तीसगढ़–जशपुर।

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए वहां महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा। राज्य के प्रत्येक विकासखंड में दो इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे। इसे स्थानीय, शासकीय एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ग्रामीण उत्पादन एवं सेवा केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका एवं रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन इंडस्ट्रियल पार्क में निजी उद्यमियों को उद्यम लगाने प्रोत्साहित किया जाएगा। दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज महानदी मंत्रालय भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्तोंए कलेक्टरों एवं जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की बैठक लेकर रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना एवं वहां गतिविधियों के संचालन के संबंध में व्यापक दिशा.निर्देश दिए है। महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क अर्थात ग्रामीण आजीविका पार्क योजना के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड में दो गौठानों को इंडस्ट्रियल पार्क के लिए चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रीपा में लिए जाने वाली गतिविधियों हेतु समेकित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा ब्लूप्रिंट तैयार कर प्रत्येक उद्यम हेतु पृथक-पृथक बिजनेस प्लान के आधार पर कार्ययोजना तैयार की जाए और उद्यम स्थापित करने इच्छुक स्थानीय युवाओं, स्व सहायता समूहों को चिन्हांकित कर लिया जाये। बैठक में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना के संबंध में कार्य योजना के अनुसार कलेक्टर को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए है। रीपा के क्रियान्वयन के संबंध में प्रत्येक जिले में अब तक की गई कार्यवाही की विस्तार से जानकारी ली गई। राज्य स्तर पर कार्ययोजना प्रस्तुतीकरण हेतु समय सारणी के अनुसार रायपुर संभाग के सभी जिलों को 19 सितम्बर कोए बस्तर संभाग के जिलों को 20 सितम्बरए बिलासपुर संभाग के जिलों को 21 सितम्बर को दुर्ग संभाग के जिलो को 22 सितंबर को और सरगुजा संभाग के जिलो को 23 सितंबर को राज्य स्तर पर प्रस्तुतीकरण देने के निर्देश दिए गए है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मे मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अवनीश शरण, नोडल अधिकारी गोधन न्याय योजना डॉ. अयाज तम्बोली सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

**गांधी जयंती को पार्क का शिलान्यास-लोकार्पण होगा**

# अब आदिवासियों को सरकारी सुविधाओं का मिलेगा लाभ

**दल्लीराजहरा** । अनु. जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे ने कहा मात्रात्मक त्रुटि की वजह से अब प्रदेश के अनुसूचित जनजाति के लोग सरकारी सुविधाओं से वंचित नहीं होंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ की 12 जनजातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की स्वीकृति दी गई है। केंद्रीय कैबिनेट के इस फैसले पर भाजपा अनु. जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष ध्रुवे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दिया है। धुर्वे ने कहा छत्तीसगढ़ के 12 जनजातियों के लिए आज उत्सव और आनंद का दिन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ के 12 जनजातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का निर्णय लिया। ध्रुवे ने कहा, पहले ये जातियां मात्रात्मक त्रुटि की वजह से आदिवासी होने का लाभ नहीं ले पा रहे थे, इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। धुर्वे ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने 12 जनजातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया गया है. इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं।

# मुख्यमंत्री ने की घोषणा, सीएचसी तमनार को अब स्व.श्री जयलाल चौधरी के नाम से जाना जायेगा

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान गत दिवस रायगढ़ प्रवास पर आये थे। तब उनके द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार को स्व.श्री जयलाल चौधरी के नाम करने हेतु घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए घोषणा के परिपालन में पूर्व गठित समिति की बैठक कलेक्टर रानू साहू की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार, महापौर जानकी काटजू, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल उपस्थित थे। बैठक में सर्व सहमति से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार का नाम परिवर्तन कर स्व.श्री जयलाल चौधरी स्मृति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार जिला-रायगढ़ करने शासन को भेजने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक के दौरान स्व.श्री जयलाल चौधरी के परिवार के सदस्य (पोता) के.पी.चौधरी ने उनके जीवन कार्यकाल शैली के बारे में समिति के सदस्यों को अवगत कराया। उनके द्वारा किये गये सामाजिक कल्याण कार्य जैसे मातृ शिशु अस्पताल, धर्मशाला, मंदिर, बालवाड़ी, प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया है। पिता स्व. रामचरण चौधरी, जन्म 1904 निर्वाण 1984 ग्राम सहिलाभाठा, तह. तमनार द्वारा अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में सन् 1961 में सरकार को एक एकड़ जमीन दान दिये है। सन् 1962 में स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना स्वयं के व्यय से (चिकित्सालय कक्ष व रोगी कक्ष) निर्माण कर शुभारंभ किया गया था, जो वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार के नाम से जाना जाता है। इस दौरान दिनेश यादव, स्व. जयलाल चौधरी के पोता के.पी.चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.भावना महलवार, खंड चिकित्सा अधिकारी तमनार डॉ.डी.एस.पैकरा व बीपीएम तमनार भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर अग्रवाल की अध्यक्षता में मनरेगा अंतर्गत संचालित विभागीय योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

## लक्ष्यानुसार ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में आएगा बदलाव-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिले में मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी गांवों में मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं समय पर मजदूरी भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंद्र यादव, सभी विकासखण्डों के जनपद सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा के विभागीय योजनाओं का मूल लक्ष्य रोजगार के अवसरों में वृद्धि करनाए लोगों की आमदनी बढ़ाना और गांवों की आर्थिक मजबूती है। जिससे ग्रामीण लोगों का जीवन स्तर ऊंचा हो पाए। इस हेतु ग्रामीण क्षेत्रो में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत करने एवं संचालित कार्यों में श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर मजदूरी भुगतान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लक्ष्यानुसार ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने पर उनकी आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव आएगा। इस हेतु ग्राम स्तर पर सरपंच सचिव को मनरेगा कार्यों के लिए जागरूक करने एवं ग्रामीणों को कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। जिससे ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराकर लक्ष्य अनुसार मानव दिवस अर्जित किया जा सके। अग्रवाल ने मनरेगा के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान उनके द्वारा नरवा, गरूवा, घुरवा, बारी योजना के तहत गौठान व चारागाह निर्माण, सहित अन्य कार्यों की भी समीक्षा की गई एवं कार्य प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत यादव ने कहा कि विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन इस तरीके से हो कि इनका पूरा लाभ ग्रामीणों को मिले और उनका जीवन बेहतर बने। इस हेतु उन्होंने मनरेगा के तहत जल सरंक्षण एवं संवर्धन हेतु कुआंए डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण भूमि समतलीकरण के अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत करने एवं ग्रामीणों को प्राथमिकता से रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने, नरवा विकासए अमृत सरोवर सहित अन्य कार्यों की जानकारी लेते हुए अपूर्ण कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करने की बात कही। यादव ने विभाग अंतर्गत संचालित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

**विभागीय योजनाओं के क्रि यान्वयन से ग्रामीणों को मिले लाभ-सीईअ यादव**

*** मनरेगा कार्यो में श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश**



# लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है मां भगवती की दरबार अंबेटिकरा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ से पश्चिमोत्तर दिशा में सात किलोमीटर की दूरी पर कल-कल बहती मांड नदी के तट पर पहाड़ीयों में विराजमान मां भगवती लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है। यह मंदिर सदियों पुरानी बताई जाती है। इस मंदिर का निर्माण तात्कालिक उदयपुर राजा ने करवाया है।**

बताया जाता है कि मंदिर बनने से पूर्व माता रानी का पूजा-अर्चना मांड नदी स्थित पंसारी दरहा में होता था। बाद में उदय केंवट नामक मछली पकड़ने वाले के जाल के माध्यम से माता रानी दरहा से उपर आईं और तब से माता रानी का पूजा ऊपर में होने लगा। मां भगवती मंदिर अंम्बेटिकरा सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध है। यहां चैत्र एवं शारदीय दोनों नवरात्रों में मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति कलश प्रज्वलित किये जाते हैं। इसी तरह प्रति दिन भोग भंडारे का आयोजन भक्त जनों के सहयोग से समिति द्वारा किया जाता है। प्रत्येक नवरात्र में हजारों की संख्या में भक्तगण मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति कलश प्रज्वलित कराते हैं। ज्योति कलश प्रज्वलित कराने वाले अन्य जिलों एवं प्रांतो के श्रद्धालुगण भी होते हैं। पिछले चैत्र नवरात्र में चौदह सौ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराये गये थे। बढ़ती संख्या को देखते हुए मां भगवती मंदिर अंबेटिकरा धरमजयगढ़ में एक और ज्योति कलश भवन का निर्माण किया जा रहा है जो कि पूर्णता की ओर है। इसी तरह कई निर्माण कार्य जनसहयोग से चल रहा है।आप भी यथाशक्ति सहयोग कर अपना नाम शिलालेख में अंकित करा सकते हैं।अब तक जो सहयोग प्राप्त हुआ है सम्मानीय समरेंद्र नाथ मुखर्जी पचकौड़ी मामा, धरमजयगढ़ की ओर से 500000 रुपए पांच लाख भवन हेतु। अन्य निर्माण कार्य हेतु 100000 रूपए एक लाख प्राप्त हुआ है। सम्मानीय अधिवक्ता किशोर सिंह एवं परिवार धरमजयगढ़ की ओर से 31000 रुपए इक्तीस हजार। सम्मानीय के के विंद बालको कोरबा की ओर से 31000, रुपए इक्तीस हजार प्राप्त हुआ है। सत्येन्द्र गुप्ता बरतापाली धरमजयगढ़ से 3100 रूपए इक्तीस सौ प्राप्त हुआ है। सम्मानीय भोगीलाल एवं परिवार की तरफसे 5100 रुपए इन्कावन सौ प्राप्त हुआ है। भवन में संपूर्ण विद्युतीकरण कार्य सामाग्री सहित गोयल इलेक्ट्रॉनिक के संचालक पंकज गोयल की सौजन्य से। शिशुपाल गुप्ता जी के तरफ से 5100 रुपए इन्कावन सौ प्राप्त हुआ है। सम्मानीया सुनीता जितेंद्र मिश्रा नीचेपारा धरमजयगढ़ वर्तमान पता हिमाचल प्रदेश की तरफ से 21000 रुपए इक्कीस हजार प्राप्त हुआ है। बजरंग अग्रवाल नीचेपारा धरमजयगढ़ की तरफ से 5100 इनकावन सौ रुपये प्राप्त हुआ है। हरिश्चंद्र अग्रवाल एवं परिवार नीचे पारा धरमजयगढ़ की तरफ से 121000 एक लाख इक्कीस हजार रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ है। स्वर्गीय मुनूसिंह ठाकुर की स्मुति में नीलमणि सिंह ठाकुर शाहपुर द्वारा 10000 दस हजार रुपए प्राप्त हुआ है। स्वर्गीय जयकिशन नायक की स्मृति में पिता राम कुमार नायक निवासी बार बरमकेला द्वारा 3100. का सहयोग प्राप्त हुआ है। हाटी वाले राधे अग्रवाल एवं परिवार की तरफ से 51000. रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ है। माता रानी समस्त भक्तों का मनोकामना पूर्ण करें।



## एक नजर

### तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर घर में घूसा,बड़ी घटना होने से टली

जोहार छत्तीसगढ़-बगीचा।



जिले के बगीचा थाना इलाके में शुक्रवार की शाम तेज रफ्तार पिकअप घर में घुस गया। ड्राइवर शराब के नशे धुत था। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन नशे में धुत्त ड्राइवर की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। मामला महादेवडांड़ का है। शुक्रवार शाम 4 बजे स्कूली बच्चों की छुट्टी हुई थी। स्कूली छात्रों की भींड़ के बीच एक तेज रफ्तार पिकअप आया और एक घर में घुस गया। वहीं बेहोशी की हालत में गाड़ी चला रहे ड्राइवर को लोगों न जमकर पीटा बाद में पुलिस मौके पर पहुंची तब जाकर माहौल शांत हुआ।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 3 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सेठीनगर बी वार्ड क्रमांक 22, आंगनबाड़ी केन्द्र मुर्गीफार्म बी वार्ड क्रमांक बी वार्ड क्रमांक 28, आंगनबाड़ी केन्द्र कैदीमुड़ा वार्ड क्रमांक 30, आंगनबाड़ी केन्द्र फटहामुड़ा बी वार्ड क्रमांक 32, आंगनबाड़ी केन्द्र डीपापारा बी वार्ड क्रमांक 34 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मुर्गीफार्म बी वार्ड क्रमांक 28, आंगनबाड़ी केन्द्र तुर्कापारा बी वार्ड क्रमांक 11, आंगनबाड़ी केन्द्र बाबूपारा वार्ड क्रमांक 11, आंगनबाड़ी केन्द्र कयाघाट बी वार्ड क्रमांक 29 तथा आंगनबाड़ी केन्द्र हीरापुर वार्ड क्रमांक 40 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त होने से उक्त पद पूर्ति हेतु 19 सितम्बर से 3 अक्टूबर 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तों का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### गौठानों में सब्जी बाड़ी के सुचारू क्रियान्वयन नहीं करने पर सहायक संचालक उद्यानिकी को नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

गौठानों में मल्टी एक्टीविटी के तहत सब्जी बाडी के कार्य सुचारू रूप से संचालित नही करने के कारण सहायक संचालक उद्यानिकी आभा पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर संजीव झा ने सहायक संचालक को शासकीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता और लापरवाही बरतने के फलस्वरूप कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर झा ने आज ग्राम रंजना एवं कोराई के गौठानों के निरीक्षण में सब्जी बाड़ी के काम ठीक ढंग से नहीं किये जाने के साथ ही उद्यानिकी विभाग के अमलों द्वारा काम में रूचि नहीं लिये जाने की जानकारी मिलने पर सहायक संचालक को नोटिस जारी किया है। सहायक संचालक द्वारा गौठानों का नियमित निरीक्षण नहीं करना शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही तथा अनभिज्ञता को प्रदर्शित करता है। जारी नोटिस में सहायक संचालक के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही क्यों न प्रस्तावित किया जाए इस संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये गये है।

### टिमरलगा में हुआ सड़क हादसा आटो चालक को आयी गंभीर चोट

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर चालक को आयी गंभीर चोट पैर पूरी तरह से टूट गया। मिली जानकारी अनुसार टिमरलगा तालाब के पास एक अज्ञात पिकअप ने एक आटो चालक को मारी जोरदार टक्कर एटक्कर इतना भयानक था कि अटो फिसलता हुआ रोड से नीचे जा गिरा जिससे आटो चालक को गंभीर चोट लगी है इस सड़क हादसा मे आटो चालक का एक पैर पूरी तरह से टूट गया और सीर में भी चोट लगी यह तक कि कान को भी गंभीर चोट आया है आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल 112 और एंबुलेंस को दूरभाष के माध्यम से बताया फिलहाल खबर लिखते समय 112 की टीम और एंबुलेंस नहीं पहुंचा था बताया जा रहा है आटोचालक रायगढ़ का है वहीं पिकअप ने टक्कर मार वाहा से फरार हो गया।



# दो दिवसीय प्रवास पर धरमजयगढ़ पधारे बघेल ने की प्रेसवार्ता

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री का धरमजयगढ़ आगमन हुआ। 14 सितंबर को छाल वृंदावन में स्वर्गीय चनेशराम राठिया के प्रतिमा अनावरण के बाद जनता से भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां से घरघोड़ा में भेंट मुलाकात कर शाम को धरमजयगढ़ पहुंचे।**



जहां दशहरा मैदान में बने हेलीपैड से रोड शो करते हुए वन विभाग विश्राम गृह में सामाजिक प्रतिनिधियों से भेंट कर रात्रि विश्राम किए। 15 सितंबर को सुबह मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। वहीं करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य की शिलान्यास एवं लोकार्पण कर प्रेसवार्ता में शामिल हुए। जहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम ने कहा की धरमजयगढ़ में सौ सीटर पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास की स्थापना, सिविल अस्पताल का उन्नयन कर स्त्रीरोग विशेषज्ञ गायनेकोलॉजिस्ट की नियुक्ति, ओंगना से भंडारीमुड़ा मार्ग का डामरीकरण, सिसरिंगा में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। हाथी से जन-धन की हानि एवं मानव से हाथियों की मौत के बारे में किए सवाल पर सीएम ने कहा कि दिनों दिन हाथियों की संख्या बढ़ती जा रही है। हाथी भोजन एवं पानी के तलाश में गांव तक पहुंच जाते हैं। जिसके लिए जगह-जगह नरवा को बांधा जा रहा है। वहीं जंगल में खाली जमीन पर फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। धरमजयगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगलों को उजाड़े बिना अपना गांव, अपना पानी, अपना बिजली बना रहे हैं। क्या इसे प्रदेश में लागू की जाएगी। इस पर सीएम ने कहा कि इस तरह स्थिति अन्य जगहों पर नहीं है। लेकिन सरकार खाली पड़े जगहों पर सौर ऊर्जा लगाने पर विचार कर रही है। ताकि बिजली के लिए कोयले पर आश्रित न रहना पड़े। अंत में प्रेस क्लब धरमजयगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री को शाल एवं श्रीफल भेंट किया गया। वहीं धरमजयगढ़ प्रेस क्लब भवन के लिए भूमि एवं निर्माण कार्य के लिए राशि प्रदान करने ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताते हुए कलेक्टर को आगे की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

# एट्रोसिटीज एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



16 सितंबर 2022 को जितेंद्र कुमार जैन, विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज एक्ट रायगढ़ के न्यायालय में थाना तमनार के अपराध क्रमांक 07/2020 के प्रकरण में माननीय न्यायाधीश द्वारा आरोपी पीताम्?बर यादव पिता गनेश्वर यादव उम्र 28 वर्ष निवासी कोकियाखार पुलिस चौकी कोतबा, थाना बागबाहर जिला जशपुर पर आरोपित धाराओं में दोषसिद्ध पाकर अपना फैसला सुनाया गया है । माननीय न्यायालय में प्रकरण के विवेचना अधिकारी तत्कालीन एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील कुमार नायक, वर्तमान एडिशनल एसपी बलरामपुर,छ.ग. की विवेचना एवं अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनूप कुमार साहू द्वारा द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य माननीय न्यायालय में अखंडित रहे जिससे माननीय न्यायालय द्वारा पीड़िता विशेष वर्ग की सदस्या को आरोपी पीताम्?बर यादव द्वारा रेलवे में नौकरी का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी कर शारीरिक शोषण करना पाया गया । आरोपी को धारा 420 आईपीसी के अपराध में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख के अर्थदंड, धारा 376 (2)(के) आईपीसी में 10 साल के सश्रम कारावास 1लाख का अर्थदंड, धारा 376 (2)(ड्) आईपीसी के अपराध में 10 साल सश्रम कारावास एवं 1लाख के अर्थदंड एवं एट्रोसिटीज एक्ट 1989 की धारा 3(2)(व्ही) के अपराध में आजीवन कारावास और 1लाख के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य में माननीय न्यायालय ने पाया कि आरोपी पीतांबर यादव पीड़िता को बताया कि वह स्वयं नौकरी में है तथा उसके माता-पिता भी नौकरी में है । आरोपी पीतांबर यादव स्वयं को प्रेम पैकरा होना कहते हुए अपराधिक मन- स्थिति से पीड़िता को अपना परिचय दिया और उसे रेलवे में नौकरी के लिए फार्म भरने तमनार बुलाया और अपने कमरे में रूकवाकर उससे शारीरिक संबंध बनाया । उसके बाद आरोपी कई बार युवती को नौकरी के नाम पर विभिन्न स्थानों पर शारीरिक संबंध बनाया और नौकरी लगाने का विश्वास दिलाकर छल कपट कर करीब ?

2 लाख 10 हजार रुपये प्राप्त कर लिया । आरोपी पीड़िता को विशेष वर्ग की जानते हुए उसे नौकरी लगाने का झांसा देकर दुष्कर्म शारीरिक संबंध बनाया।पीड़िता द्वारा घटना के संबंध में पुलिस चौकी कोतबा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया । जहां पीड़िता का मेडिकल मुलाहिजा इत्यादि की कार्यवाही पश्चात अपराध डायरी थाना तमनार को भेजा गया थाना तमनार में 7 जनवरी 2020 को बिना नंबरी डायरी प्राप्त कर धारा 420, 376 IPC का असल अपराध आरोपी पीताम्बर यादव पर कायम किया गया। प्रारंभिक विवेचना सहायक उपनिरीक्षक दुर्गाचरण साहू, थाना तमनार द्वारा किया गया जिसमें एट्रोसिटीज एक्ट की धाराएं विस्तारित होने पश्चात तत्कालीन एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील कुमार नायक द्वारा डायरी अपने हस्ते लेकर विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय प्रस्तुत किया गया । विवेचना दरम्यान पुलिस द्वारा विधिवत आरोपी का मारुति सुजुकी कार, पीड़िता के आयु तथा जाति संबंधी प्रमाण पत्र, मेडिकल संबंधी तथा ट्रेन का टिकट जिसके माध्यम से आरोपी पीड़िता को दिल्ली ले गया था आदि महत्वपूर्ण साक्ष्य जप्त कर न्यालालय प्रस्तुत किया गया था।

# आंगनबाड़ी भवन की छत ढहने का मामला,कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम कुकरी खोर्री में आंगनबाड़ी की छत गिरने की घटना को संज्ञान में लेते हुए रायगढ़ कलेक्टर ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रायगढ़ कलेक्टर रानू साहू ने तत्काल मामले की जांच के लिए टीम गठित की है। उन्होंने इस घटना के जांच की जिम्मेदारी सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा व महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी टी के जाटवर को सौंपी है। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि धरमजयगढ़ के सिथरा ग्राम पंचायत में बीते बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब आश्रित ग्राम कुकरीखोर्री के आंगनबाड़ी भवन की छत का बड़ा हिस्सा भरभराकर ढह गया। हालांकि जिस वक्त यह घटना घटी उस दौरान वहां बच्चे नहीं थे। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को इस आंगनबाड़ी भवन की छत अचानक ढह गई। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन का निर्माण 2011 में हुआ था।



## गोबर बेचकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे जिले के किसान

**कांकेर ।** शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना जिले के पशुपालक किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। यहां के किसान गोबर बेचकर सफलता की नई-नई इबारत लिख रहे हैं। पशुपालकों द्वारा अब गोबर एवं गौ-मूत्र को सहेज कर गौठानों में बिक्री के लिए रखा जाने लगा है। सभी गौ-पालक किसानों, भूमिहीन मजदूरों, महिला स्व-सहायता समूहों के लिए यह योजना वरदान साबित हो रहा है।

# सात सुरो के साथ गायन व डिजिटल लूडो प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओ का महाकुंभ अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में डिजिटल लूडो, कैरिओके गायन प्रतियोगिता अग्रसेन भवन, अयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में डिजिटल लूडों सभी बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए अग्रसेन भवन में आयोजित कि गई जिसमें 66 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया कैरिओके गायन प्रतियोगिता 14 वर्ष के उपर बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए अग्रसेन भवन में आयोजित कि गई जिसमें 25 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया कैरिओके गायन में जहां प्रतिभागियों ने द्वारा अपनी मधुर आवाज में गायन किया गया वहीं दर्शको को छुमने के लिए मजबूत करते नजर आये गायन कि फिल्मी गीतों के आलाव अन्य सभी तरह के गीतों को भी शमिल किया गया। अग्रवाल सभा के मडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया किया 17 सितंबर 2022 को अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा किड्स डांस प्रतियोतिगता का अयोजन शाम 4:00 बजे से अग्रसेन पब्लिक स्कुल में किया गया है जो दो वर्ग में अयोजित कि जायेगी वर्ग अ में कक्षा 3 तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए वर्ग ब में कक्षा 4 से 6 तक बालक एवं बालिकाओं के लिए होगी।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक **-नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in